26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 11 दिसम्बर, 2025
अंक- 48 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## गोवा अग्निकांड : लूथरा ब्रदर्स थाईलैंड में हिरासत में लिए गए, हाथों में हथकड़ी लगी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** गोवा के बिर्च नाइट क्लब में अग्निकांड के पांचवें दिन आज क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में लिया गया है। थाइलैंड पुलिस ने दोनों भाइयों की तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें उनके हाथों में हथकड़ी लगी है। वे अपने पासपोर्ट पकड़े हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, भारतीय अधिकारियों की एक टीम थाईलैंड के लिए



रवाना हो चुकी है और 24 घंटे के भीतर लूथरा ब्रदर्स को वापस लेकर आएगी। संभावना है कि भारत लाने के बाद गोवा पुलिस दोनों को अपनी हिरासत में लेगी। बिर्च नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई भारत छोड़कर थाईलैंड फरार हो गए थे। दोनों पर गैर इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।

# संसद में ई-सिगरेट पर बवाल!

## टीएमसी सांसद पर अनुराग ठाकुर ने लगाया आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** लोकसभा में शीतकालीन सत्र के दौरान उस समय हलचल बढ़ गई जब बीजेपी के सांसद अनुराग ठाकुर ने सदन के भीतर ई-सिगरेट पीने का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने किसी सांसद का नाम तो नहीं लिया, लेकिन इशारा साफ था कि मामला टीएमसी के एक सांसद से जुड़ा है। ठाकुर ने कहा कि संसद की कार्यवाही के दौरान ऐसी गतिविधियां न केवल नियमों के खिलाफ हैं, बल्कि सदन की मर्यादा को भी ठेस पहुंचाती हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सदन वह जगह है जहां देश के करोड़ों लोग उम्मीद के साथ देखते हैं।



इसलिए यहां ऐसा कोई भी आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए जो संसदीय अनुशासन के विपरीत हो। उन्होंने आग्रह किया कि इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए और अगर आवश्यक हो तो जांच भी कराई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। उनके आरोप सामने आते ही सदन की निगाहें स्पीकर ओम बिरला की ओर मुड़ीं। स्पीकर ने तुरंत स्पष्ट किया कि संसद में किसी भी सदस्य को किसी तरह की छूट या विशेषाधिकार नहीं दिया गया है जिसमें ई-सिगरेट, धूम्रपान या कोई भी प्रतिबंधित गतिविधि शामिल हो।

ओम बिरला ने कहा कि नियम सभी सांसदों पर बराबर लागू होते हैं और सदन की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक सदस्य की ज़िम्मेदारी है। स्पीकर ने यह भी कहा कि अभी तक उनके संज्ञान में कोई औपचारिक शिकायत नहीं आई है, लेकिन अगर ऐसा मामला सामने आता है या उन्हें कोई प्रमाण मिलता है, तो नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संसद लोकशाही का सर्वोच्च मंच है, और यहां बैठने वाले सभी प्रतिनिधियों पर यह जिम्मेदारी है कि वह जनता की उम्मीदों के अनुरूप अनुशासन और गरिमा बनाए रखें।

## यूपी भाजपा में जल्द बड़ा बदलाव

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई में संगठनात्मक बदलाव की तैयारियाँ तेज़ हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल आज शाम तक लखनऊ पहुंचेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करेंगे। उनकी यह यात्रा प्रदेश में नए संगठनात्मक नेतृत्व के चयन से जोड़कर देखी जा रही है। पार्टी सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि पार्टी इस बार प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के नेता पर भरोसा जता सकती है। इसे 2027 विधानसभा चुनाव से पहले सामाजिक समीकरण मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान अगले दो से तीन दिनों के भीतर निर्वाचन प्रक्रिया के तहत हो सकता है।

सिंह होम्योपैथिक क्लीनिक
Curing with Science & Touch of Art
डॉ. प्रगति सिंह
(9+ वर्ष का अनुभव) बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
Treatment Available :-
• बाल रोग
• स्त्री सम्बन्धित रोग (PCOD, Fibroid, Leucorrhoea)
• त्वचा रोग
• बालों की समस्या
• थाईराइड
• हाई बी.पी.
• मधुमेह
• गुर्दे की पथरी
• जोड़ों का दर्द, कमर दर्द
• साइटिका
• साइनसाइटिस (साइनस)
• दमा
• टाइफाइड, पीलिया
• कब्ज, गैस बनना, बवासीर
• अन्य पुराने व जटिल रोगों का इलाज



परामर्श समय सोमवार से शनिवार- प्रातः 10:30 से अपराह्न 2:00 बजे तक, सायं 5:00 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक
SUNDAY CLOSED
97/27 पंचवटी कॉलोनी, बीना प्रकाश अस्पताल (पार्किंग) के सामने, बिजनौर (उ.प्र.)
+91-9528166349

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025**

मेष- वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, समस्या विशेष के सन्दर्भ में स्वयं का निर्णय लाभकारी, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति।

वृषभ- पारिवारिक व्यथा, सामयिक कार्यों में निराशा, सहयोगियों की गतिविधियों से मानसिक कष्ट, धन हानि की आशंका, प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास असफल।

मिथुन- कार्य-व्यवसाय में प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन, पारिवारिक सौहार्द, भौतिक सुख के साधन सुलभ, मानसिक शांति, यात्रा सफल।

कर्क- लाभ का मार्ग प्रशस्त, व्यावसायिक क्षेत्र में उन्नति, जीवन में सुखशांति वातावरण, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से सहयोग।

सिंह- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, मान-प्रतिष्ठा-परक कृत्य सम्पन्न, विशिष्टजनों से सम्पर्क का लाभ, मित्रों से अपेक्षित सहयोग।

कन्या- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, बहुप्रतीक्षित कार्यों में अड़चनें, मेल-मिलाप में अरुचि, धन की कमी, कर्ज की अदायगी समय पर न होने से मन अशांत।

तुला- ग्रहस्थिति अनुकूल, वैमनस्यता का समापन, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, परोपकार की भावना जागृत, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, यात्रा सुखद।

वृश्चिक- दिन बेहतर, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, लाभ का मार्ग प्रशस्त, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, मेल-मिलाप में रुचि।

धनु- भाग्य उन्नति में सहायक, वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, योजना साकार होने की दिशा में प्रयास, वैवाहिक जीवन में सुखशांति, यात्रा संतोषजनक, अध्यात्म में आस्था।

मकर- कार्य व्यवसाय में नुकसान, प्रगति में व्यवधान, बढ़ते हुए खर्च की चिन्ता, नवउत्तरदायित्व के निर्वाह में सफलता, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव।

कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, श्रेष्ठजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित।

मीन- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शारीरिक सुख, अकल्पित लाभ का सुयोग, आपसी सलाह से कामयाबी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, विवाद का समापन।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

# हाईकोर्ट ने साफ़िया मलिक की याचिका ख़ारिज की

## प्रशासन के द्वारा नजूल भूमि पर कब्जा लेने की कार्रवाई को बताया था गलत

**नैनीताल ( चिंगारी )।** नैनीताल हाईकोर्ट ने बुधवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मलिक के बगीचे में नगर निगम, प्रशासन के द्वारा कब्जे लेने की कारवाई को गलत बताया था। ये याचिका अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक के द्वारा हाईकोर्ट में दायर की गई थी। गौरतलब है कि उक्त मलिक के बगीचे वाले स्थान पर कथित रूप से अब्दुल मलिक द्वारा अवैध रूप से एक मदरसा और नमाज मस्जिद बनवाई गई थी। 8 फरवरी 2024 को नगर निगम हल्द्वानी और जिला प्रशासन द्वारा उक्त करोड़ों की भूमि को हाईकोर्ट से न्यायिक प्रक्रिया के अब्दुल मलिक के कब्जे से छुड़ाने के लिए अपनी कारवाई की थी। कब्जे लेने के उपरांत वहां हिंसा भड़की थी, जिसमें कई निगमकर्मी, पुलिसकर्मी और पत्रकार भी घायल हुए थे और भीड़ ने सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा था।

अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक के



द्वारा दायर की गई थी, जिसकी बुधवार को हाईकोर्ट में जस्टिस मनोज तिवारी की बेंच में सुनवाई हुई, बेंच ने उक्त याचिका को खारिज कर दिया और साथ ही इस मामले को निचली अदालत में याचिका दायर करने का विकल्प भी दे दिया। इस निर्णय की हल्द्वानी नगर निगम के नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने पुष्टि की है।

इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक जेल में है और उक्त भूमि पर सरकार ने कब्जा लेकर वहां थाना खोले जाने की घोषणा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की थी और इसके लिए बजट भी जारी कर दिया गया है।

# महाराजा वेडिंग पाइंट से बद्रीनाथ मार्ग तक पूरा क्षेत्र नॉन वेडिंग जोन घोषित



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अब महाराजा वेडिंग पॉइंट से बद्रीनाथ मार्ग तक का क्षेत्र पूर्णतः नॉन वेडिंग जोन घोषित महापौर शैलेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने शहर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। नगर निगम के सभागार में आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था की चुनौती बन गई है। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद रोड स्थित माहेश्वरी पेट्रोल पंप से तहसील तिराहे तक के क्षेत्र को पूर्णतः नॉन वेंडिंग जोन घोषित कर किसी भी प्रकार के फल ठेली लगाना प्रतिबंध किया जाए तथा उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि एआरटीओ नगर क्षेत्र में खड़े निष्क्रिय वाहनों का संपूर्ण डाटा एकत्रित कर नगर निगम को उपलब्ध करायेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी विभाग सर्वे कर संभावित पार्किंग स्थल चयनित करेंगे, जिससे व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए जा सके। बैठक में सब्जीमंडी के लिए पंजीकरण सत्यापन तथा नई नियमावली बनाने का निर्णय लिया गया।

# मारा गया नरभक्षी गुलदार मचा रखा था हाहाकार

**नैनीताल ( चिंगारी )। पौड़ी जनपद के गजेल्ड ( गजल्ड ) गांव में पिछले कुछ समय से आतंक मचा रहे नरभक्षी गुलदार को आखिरकार ढेर कर दिया गया है।**



फाइल फोटो।

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के त्वरित, स्पष्ट और सख्त निर्देशों के बाद वन विभाग ने विशेष शिकारियों की टीम तैनात की थी। लगातार निगरानी, ट्रैकिंग और सघन अभियान के बाद टीम ने गुलदार को सफलतापूर्वक मार गिराया। मुख्यमंत्री धामी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए थे कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में वन विभाग, स्थानीय प्रशासन और शिकार विशेषज्ञों ने समन्वित प्रयास करते हुए यह कार्रवाई पूरी की। सरकार ने आश्वासन दिया है कि प्रभावित क्षेत्र में सतर्कता और गश्त बढ़ाई जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि उनकी सुरक्षा और जीवन की रक्षा के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।**

# श्री हेमकुंड साहिब पहुंचने पर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब यात्रा का हुआ स्वागत

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब यात्रा केशगढ़ साहिब आनंदपुर साहिब से शुरू होकर ऋषिकेश के गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब पहुंची। यहां गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों के अलावा अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य गगनदीप सिंह बेदी ने यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। यात्रा में आए सैकड़ो श्रद्धालुओं ने दरबार साहिब में माथा टेका और गुरुघर से देश की खुशहाली प्रार्थना की। अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य गगनदीप सिंह बेदी ने बताया कि यह यात्रा श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350 वीं शहीदी साला के रूप में निकाली जा रही है। यात्रा केशगढ़ साहिब आनंदपुर साहिब से 8 दिसंबर को शुरू हुई यात्रा गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब में यात्रा पहुंची और कुछ देर रुकने के बाद हरिद्वार की ओर रवाना हो गई। देर रात तक यात्रा ननकाना साहिब काशीपुर पहुंचेगी। 12 दिसम्बर



को यात्रा अगले पड़ाव की ओर रवाना होगी। 24 दिसंबर तक यात्रा बिहार के पटना साहिब तक जाएगी और फिर अपने घर वापस पहुंचकर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मकसद गुरु तेग बहादुर की कुर्बानी को याद करने के साथ उनकी कुर्बानियों को दुनिया के सामने उजागर करना है। जिससे दुनिया को पता चले कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए सिखों के गुरुओं ने किस प्रकार कुर्बानियां दी हैं। इस अवसर पर गगनदीप सिंह बेदी सदस्य अल्पसंख्यक आयोग उत्तराखंड सरकार, सरदार करनैल सिंह मैनेजर गुरुद्वारा हेमकुंट ऋषिकेश, सरदार जसविंदर सिंह, लाहौर सिंह, सरदार अजीत सिंह, अजमेर सिंह, हरनीत कौर, अमनदीप कौर, केशव सिंह आदि उपस्थित थे।

# लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में सम्मानित होंगे एश्वर्य मौसम चौधरी और विधायक सुचि चौधरी

बिजनौर (चिंगारी)। देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान ज़ी मीडिया कॉर्पोरेशन द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी एवं बिजनौर विधायक सुचि मौसम चौधरी को लंदन के प्रतिष्ठित हाउस ऑफ लॉर्ड्स में मशहूर 'भारत ग्लोबल इनोवेशन एंड लीडरशिप अवार्ड्स 2025' के लिए नामित किया गया है। यह कार्यक्रम 11 से 14 दिसंबर 2025 तक लंदन में आयोजित किया जाएगा। देश की चुनिंदा हस्तियों को इस सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया है।

भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी के समाज सेवा की सराहना करते हुए ज़ी मीडिया ने अपने आमंत्रण पत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी को संबोधित करते हुए लिखा कि 'बिजनौर में एक सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर आपने 'नर सेवा नारायण सेवा' की सार्थकता को सिद्ध किया है। हम आपके विज़न, लीडरशिप और आपके संबंधित क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण योगदान की प्रशंसा करते हैं।' मीडिया संस्थान द्वारा मुख्य रूप से लेह लद्दाख में फंसे मजदूरों को सुरक्षित लाने, कोरोना काल में जनसामान्य की सेवा करने, पशुओं में फैले लम्पी रोग के दौरान गौवंश का उपचार व सेवा करने तथा नर सेवा नारायण सेवा के तहत हजारों लोगों का मोतियाबिंद का ऑप्रेशन कराने के सामाजिक कार्यों की सराहना की गई।



**राष्ट्रीय मीडिया संस्थान ने विधायक सुचि मौसम चौधरी के बिजनौर विधानसभा में अनवरत रूप से चल रहे शानदार विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए आमंत्रण पत्र में लिखा कि 'यह सम्मान आपके निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम उम्र के एमएलए के रूप में आपके शानदार काम, एक दूरदर्शी नेता और प्रतिष्ठित व्यक्तित्व का जश्न मनाता है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।'**

ग्लोबल प्लेटफार्म पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 12 दिसंबर 2025 को हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा और 13 दिसंबर को शाम 6 बजे कोर्ट हाउस होटल लंदन में पैनल डिस्कशन के साथ कॉन्क्लेव होगा।

## पटना साहिब जा रहे नगर कीर्तन जत्थे का अफ़ज़लगढ़ में हुआ जोरदार स्वागत

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** बुधवार को आनंदपुर साहिब से पटना साहिब बिहार जा रहा नगर कीर्तन दोपहर ढाई बजे नगर स्थित गुरूद्वारा श्री सिंह सभा पहुंचा, वहां सिख संगत ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। गुरूद्वारे पर गुरवाणी का पाठ तथा अरदास की गई। नगर कीर्तन में पंजप्यारे नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा रहे थे। वहीं नगर कीर्तन के दौरान गुरवाणी का पाठ करते हुए चल रहे थे। जलपान के पश्चात नगर कीर्तन अपने गन्तव्य के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के साथ सोसायटी के प्रधान सज्जन सिंह, चेयरमैन कृपाल सिंह, जय सिंह, कुलवंत सिंह, बलविंदर सिंह व वचन सिंह आदि आनंदपुर साहिब उपस्थित रहे। स्वागत करने वालों में गुरूद्वारे कमेटी के प्रधान सतनाम सिंह, रजविंदर सिंह, चरणजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, पूरन सिंह, जग्गा सिंह, जसवीर सिंह, सुखविंदर व सुखबीर सिंह सहित काफी संख्या में महिला व पुरूष सिख संगत मौजूद रही।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)
डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।



कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

**भली लगे या बुरी ...**

## निजी क्षेत्र का दबदबा

सरकार की 'आयुष्मान भारत योजना' तथा खासकर 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी आयवर्ग के लोगों के लिए मुफ्त चिकित्सा योजना ने व्यापक परिवर्तन किया है, पर चिकित्सा क्षेत्र में सरकारी के बजाय निजी चिकित्सा क्षेत्र का विस्तार तथा उसकी मुनाफा कमाने की प्रवृत्ति जनता पर भारी पड़ रही है। जहां तक शिक्षा क्षेत्र का सवाल है, देश-प्रदेश की सरकार ने सरकारी शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों की मनमानी पर लगाम लगाने की पूरी कोशिश की है पर शिक्षा की गुणवत्ता में संभवत: अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में उपयुक्त और उत्कृष्ट व्यवस्था न होने के कारण युवा पीढ़ी की गुणवत्ता और कार्यक्षमता प्रभावित होती है जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में बड़ी बाधा बन सकती है।

भारत की आर्थिक स्थिति तथा आर्थिक विकास पर गौर करते हुए निजी क्षेत्र की बढ़ती मुनाफाखोरी, मिलावट तथा बाजार द्वारा अनावश्यक मांग पैदा करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने की आवश्यकता भी सामने आती है। हालांकि, सरकार ने 'एक जिला एक उत्पाद' व 'वोकल फार लोकल' के माध्यम से स्वदेशी और स्वावलंबन पर जोर दिया है, लेकिन अनावश्यक उपभोग तथा हानिकारक उपभोक्ता उत्पादों पर कठोरतम नियंत्रण लगाना आवश्यक है। भले ही मध्य वर्ग, उच्च मध्य वर्ग व उच्च वर्ग सेवाओं व उत्पादों की खरीद से अर्थव्यवस्था को गति देते हैं, पर बाजार द्वारा अनावश्यक व हानिकारक चीजों के बढ़ते उपयोग से देश के प्राकृतिक संसाधन नष्ट होते हैं तथा प्रदूषण बढ़ता है। भले ही आज भारत पिछले लगभग 80 साल की तुलना में अधिक समृद्ध और सुविधाओं से परिपूर्ण है, लेकिन मितव्ययिता तथा अपरिग्रह की गांधीवादी अवधारणाओं को खारिज करना उचित नहीं है। देश में बढ़ता उपभोक्तावाद भले ही अर्थव्यवस्था, बाजार और शेयर बाजार को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता हो, पर हमें गांधीजी की यह बात याद रखनी चाहिए कि इस धरती के पास सबकी आवश्यकतायें पूरी करने के लिए सब कुछ है, पर कुछ लोगों का लालच पूरा करने के लिए कुछ नहीं है।

# भारत-रूस के रिश्तों की अहमियत!



एम.ए. कंवल जाफरी
मो. 91 9917767622, 9675767622

दोनों देशों के बीच व्यापार में बड़ा बदलाव आया है। पांच वर्ष पहले जो व्यापार आठ बिलियन डॉलर था, वह बढ़कर 68 बिलियन डॉलर हो गया है। दुनिया के सियासी मंज़रनामे में बदलाव प्राकृतिक प्रक्रिया है। रूस व चीन के रिश्ते बेहतर हुए। अमेरिका, भारत पर जिस तरह का दबाव बनाने की मुहिम में लगा है, उसे देखते हुए रूस और भारत के बीच रिश्तों की मजबूती बहुत जरूरी थी। पुतिन के दौरे की एक अच्छी बात यह रही कि वह अकेले नहीं आए, उनके साथ बड़ी संख्या में रूसी नागरिक और व्यापारी भी आए, जो भारत के साथ जुड़ना और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं।

रूस के राष्ट्रपति के दो दिवसीय भारत दौरे को इसलिए भी याद रखा जाएगा कि अमेरिका व कई यूरोपीय देशों के जबरदस्त दबाव और दुनिया में व्याप्त शदीद तनाव के बावजूद व्लादिमीर पुतिन का भारत में बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दौरे की अहमियत का अंदाजा इसी से हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रॉटोकॉल को दरकिनार कर स्वयं पालम एयरपोर्ट पहुंचे और गले लगाकर पुतिन का इस्तकबाल किया। इससे पहले वह दिसंबर 2021 में मात्र छह घंटे के लिए भारत आए थे। सदी के अहम दौरों में से एक इस हालिया दौरे से दुनिया की सियासत में एक नई कूटनीतिक गूंज पैदा हुई। पीएम मोदी ने दिल्ली के मास्को के साथ ऐतिहासिक रिश्तों को ध्रुव तारे के समान सशक्त और अटल करार दिया। पुतिन के भारत आगमन और 23 वें रूस-भारत शिखर सम्मेलन में लिये गये फैसलों से न केवल दोनों देशों के संबंधों में बेहतरी आई, बल्कि इससे विश्व पटल पर यह संदेश भी गया कि रूस और भारत किसी की परवाह किए बिना बड़ी बेबाकी से एक-दूसरे के साथ खड़े हैं। दोनों के बीच यह दोस्ती कोई नई या अस्थाई नहीं है, बल्कि पुरानी और मजबूत है। यह मित्रता तब भी कायम थी, जब रूस संयुक्त सोवियत संघ था और आज भी सशक्त है, जब वह रूस है। इस शानदार और मजबूत रिश्ते की बुनियाद दशकों की कड़ी मेहनत और ईमानदारी का परिणाम है।



दरअसल, अमेरिका समेत कई देश चाहते हैं कि भारत, रूस के साथ अपने संबंध कम कर दे, जबकि नई दिल्ली के शिखर सम्मेलन की गुफ्तगू ने एक बार पुन: सिद्ध कर दिया कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह से स्वतंत्र है और आगे भी स्वतंत्र रहेगी। भारत हित में आर्थिक और कूटनीतिक फैसले लिए जाते रहेंगे। मतलब साफ कि भारत-अमेरिका के भारी दबाव और बढ़ाए टैरिफ की परवाह किए बिना रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। भारत को तेल आपूर्ति करने वाले देशों में रूस पहले स्थान पर है। भारत अपनी खरीद का एक तिहाई से अधिक करीब 1.6 मिलियन बैरल तेल रोजाना रूसी तेल कंपनियों से खरीदता है। दूसरी ओर यह बात भी काफी विचित्र है कि अमेरिका स्वयं तो रूस से ईंधन खरीदने का अधिकार रखे और भारत पर तेल नहीं खरीदने का दबाव बनाए। मोदी ने हैदराबाद हाउस में कहा कि पिछले आठ दशकों की चुनौतियों के बावजूद रूस और भारत की मित्रता शाब्दिक नहीं, बल्कि हकीकत पर आधारित है। शिखर सम्मेलन में विजन 2030 रोडमैप की घोषणा हुई, जिसका लक्ष्य वार्षिक व्यापार को 2030 तक बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक ले जाना है। पुतिन के दौरे से भारत को रक्षा सहयोग में बढ़ोतरी, आर्थिक संबंधों में मजबूती, ऊर्जा क्षेत्र में सहभागिता और विज्ञान एवं तकनीकी जैसे क्षेत्रों में फायदा हुआ। विशेषकर रक्षा एवं परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल हुईं। इससे भारत की रक्षा क्षमताएं बढ़ीं और स्ट्रेटेजिक रिश्ते मजबूत हुए। भारत को एस-400 मिसाइल प्रणाली और अन्य हथियार समेत आधुनिक रक्षा प्रणाली की सप्लाई जारी रखने का वादा किया गया। भारत में न्यूक्लियर पावर प्लांट निर्माण समेत न्यूक्लियर एनर्जी प्रोजेक्ट्स में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। तेल, गैस और कोयले में सहयोग बढ़ाने और समय पर आपूर्ति का वादा किया गया। रक्षा, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों समेत द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के उपायों पर विचार के अलावा अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने का फैसला लिया गया। वायु रक्षा, हाईटेक विमान, अंतरिक्ष अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमतता और वैज्ञानिक परियोजनाओं में सहयोग बढ़ाने के समझौते हुए। सिविल न्यूक्लियर क्षेत्र में कुडनकुलम प्लांट के छह रिएक्टर की पूर्ति, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और तैरते न्यूक्लियर पावर प्लांट्स पर सहयोग को साझी प्राथमिकता बताया गया। यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के साथ व्यापारिक समझौते, प्रवास, बंदरगाहों, जहाजरानी, खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए। पांच लाख भारतीय अर्द्ध कुशल श्रमिक के रूस जाने को आसान बनाया गया। सांस्कृतिक संबंधों की मजबूती के लिए रूसी नागरिकों को 30 दिनी नि:शुल्क ई-टूरिस्ट और ग्रुप वीजे की घोषणा की गई। दोनों नेताओं की बैठक और समझौतों में जहां शानदार भविष्य की झलक मौजूद है, वहीं साझेदारी, स्थिरता और आत्मविश्वास की दुनिया में राजनीति, संस्कृति, ऊर्जा, परमाणु विज्ञान और मानव संसाधन क्षेत्र में सशक्त दोस्ती की संभावना है।

वर्तमान परिस्थितियों में जहां कुछ देश अपने रवैये में तब्दीली लाने को तैयार नहीं हैं, वहीं भारत को भी यह समझने की जरूरत है कि उसके साथ कौन देश खड़ा है? रूस और भारत के बीच परमाणु, ऊर्जा, तकनीकी, सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान में वृद्धि हो रही है। उन्हें रक्षा क्षेत्र में भी एक साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। भारत आतंक, उग्रवाद, सरहद पार सुनियोजित अपराध, मनीलांड्रिंग, आतंकवाद की वित्तीय सहायता और ड्रग्स की तस्करी जैसी चुनौतियों और खतरों से निपटने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने का इच्छुक है। भारत शांति का पक्षधर है। शांति बहाली पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। युद्ध से रूस दुनिया में अकेला पड़ गया तथा उसके विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। इस कारण भारत को रक्षा एवं दूसरे उत्पादों की आपूर्ति में देरी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर, पश्चिमी देशों की रूस को अलग-थलग करने की नीति सफल नहीं रही। भारत, चीन, अफ्रीका और पश्चिमी एशिया के दक्षिणी देशों में पुतिन का स्वागत इस बात का प्रमाण है कि जिन देशों का रूस ने साथ दिया, वे आज उसके साथ खड़े हैं। एक शांतिपूर्ण और विकसित भारत के लिए एक शांतिपूर्ण और विकसित रूस जरूरी है।

दोनों देशों के बीच व्यापार में बड़ा बदलाव आया है। पांच वर्ष पहले जो व्यापार आठ बिलियन डॉलर था, वह बढ़कर 68 बिलियन डॉलर हो गया है। दुनिया के सियासी मंज़रनामे में बदलाव प्राकृतिक प्रक्रिया है। रूस व चीन के रिश्ते बेहतर हुए। अमेरिका, भारत पर जिस तरह का दबाव बनाने की मुहिम में लगा है, उसे देखते हुए रूस और भारत के बीच रिश्तों की मजबूती बहुत जरूरी थी। पुतिन के दौरे की एक अच्छी बात यह रही कि वह अकेले नहीं आए, उनके साथ बड़ी संख्या में रूसी नागरिक और व्यापारी भी आए, जो भारत के साथ जुड़ना और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। इससे पता चलता है कि रूस लोगों के बीच संबंध बढ़ाने का इच्छुक है। भारत ने भी लोगों के आपसी जुड़ाव के मामले में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

# कुंवर महिपाल सिंह की पुण्यतिथि पर यज्ञ का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर-स्याऊ में महाविद्यालय की प्रबंध समिति के पूर्व आजीवन अध्यक्ष स्वर्गीय कुंवर महीपाल सिंह की 16वीं पुण्यतिथि पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर आर्य कन्या गुरुकुल नजीबाबाद से आई आचार्या डॉ. प्रियंवदा एवं छात्राओं ने वैदिक रीति से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह रहे। हवन-यज्ञ के उपरांत सभी ने स्वर्गीय कुंवर महीपाल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के उपप्रबंधक नवनीश कुमार ने कॉलेज के सभी लोगों से कहा कि यह सबका कर्तव्य है कि वे दिवंगत महीपाल सिंह के बताए रास्ते और सिद्धांतों पर चलें। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों से कहा कि आपकी ज़िम्मेदारी है कि आप देश को अच्छे नागरिक दें, इसलिए आपको खुद भी एक आदर्श जीवन जीना चाहिए। अनिल पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र के अस्तित्व में ही हमारा अस्तित्व निहित है। हमें सदैव राष्ट्र सेवा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डा.) साधना ने सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर ग्राम बुडगरा तथा अन्य क्षेत्रों से आए अतिथियों संजय कुमार, अवनीश राठी, प्रियांशु एवं मोहम्मद गुलिस्तान के अतिरिक्त महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# लोगों को ठगी से बचाने के लिये नोडल अधिकारियों के नम्बर, पुलिस करेगी शेयर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपदीय पुलिस अब सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को ठगी से बचाने के लिए भी काम करेगी। मिशन शक्ति अभियान के तहत होने वाली गोष्ठियों में लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के जिला नोडल अधिकारियों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि लाभार्थी किसी भी संदिग्ध कॉल या फर्जी एजेंट के झांसे में न आएं। जनपद में मिशन शक्ति के तहत स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उत्पीड़न, साइबर क्राइम और वित्तीय ठगी से बचाव को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इन गोष्ठियों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और महिला पुलिसकर्मी ग्रामीणों से अपील कर रहे हैं कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी न बताएं। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति ओटीपी मांगता है, तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें। अब पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं के पात्र लोगों तक सीधे पहुंच बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। गोष्ठियों में मौजूद पुलिस अधिकारी लाभार्थियों से इन योजनाओं के जिला नोडल अफसरों के नंबर साझा करेंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सीधे संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकें। इससे फर्जी एजेंटों और दलालों की गतिविधियों पर रोक लगने की उम्मीद है। पुलिस अधिकारियों ने जिला प्रशासन से सरकारी योजनाओं के नोडल अधिकारियों की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, ताकि उसे ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम लोगों तक पहुंचाया जा सके।

# साइबर ठगों ने किया वन रेंजर को ठगने का प्रयास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर रेंज में तैनात वन रेंजर महेश कुमार गौतम ने गूगल से मेरठ के प्रसिद्ध डा. विनोद आरोड़ा का नंबर निकालकर देखा तो वह फर्जी निकला। उसी नंबर पर एक साइबर ठग ने खुद को डॉ. विनोद आरोड़ा बताकर व्हाट्सएप पर संपर्क किया और एक लिंक भेज कर उसे खोलने को कहा। रेंजर महेश ने तुरंत लिंक को पहचान लिया और उसे खोलने से बच गए। उनकी सूझ-बूझ से संभावित बड़ी साइबर ठगी का खतरा टल गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही वन रेंजर ने घटना को सभी से शेयर किया। जब इस मामले में डा. विनोद आरोड़ा से फोन पर बात हुई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने बहुत पहले साइबर ठगी को देखते हुए कोई नम्बर लिंक पर शेयर नहीं किया हुआ है, वहीं उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे अनजाने लिंक पर क्लिक न करें। डॉ. अरोड़ा ने बताया कि उनसे मिलने के लिए हमारे क्लीनिक के नम्बर मौजूद हैं उस पर ही संपर्क करें। डॉक्टर विनोद अरोड़ा अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के लिए जाने जाते हैं। बिजनौर रेंज के अधिकारी महेश कुमार गौतम ने कहा कि साइबर अपराधियों के जाल में फंसने से बचने के लिए हमेशा दो-तीन बार जांच-परख कर ही लिंक खोलें।

# महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर क़ानूनी अधिकारों की जानकारी दी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लींगल स्टडीज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में 'महिलाओं के मानवाधिकार-जागरुकता की आवश्यकता' विषय पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सचिव, अपर जनपद न्यायाधीश श्रेय शुक्ला, चीफ डिफेंस काउंसल प्रवीण सिंह देशवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, निदेशक सहज गोयल, कुलपति प्रो. नरेश गुप्ता, डीन डा. राजीव कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर विवेक विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करके उन्हें महिलाओं को उपलब्ध कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। बी.ए.एल.एल.बी. तृतीय वर्ष के छात्र/छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं के शिक्षा सम्बन्धी एवं अधिकार के बारे में बताया।
बी.ए.एल.एल.बी. प्रथम वर्ष से सुगन्धा वैद ने मातृत्व अवकाश और नशरा जैदी ने राज्य महिला आयोग के बारे में जानकारी दी। छात्र रेशमा नाज की कार्यक्षेत्र में शिशुगृह, प्रथक शौचालय और मातृत्व अवकाश पर दी गयी जानकारी को सभी द्वारा सराहा गया। वरिष्ठ






विधिक जागरूकता को संबोधित करते हुए अपर जनपद न्यायाधीश श्रेय शुक्ला।

अधिवक्ता प्रवीण सिंह देशवाल ने बिसाखा गाइडलाइन्स का हवाला देते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। मुख्य अतिथि अपर जनपद न्यायाधीश श्रेय शुक्ला ने यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 को विस्तार से समझाते हुए छात्र/छात्राओं से कहा कि विधि के छात्र होने के नाते वह विधिक साक्षरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। डीन डा. राजीव कुमार चौधरी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि विवेक विश्वविद्यालय में आन्तरिक शिकायत समिति और नि:शुल्क विधिक सेवा क्लिनिक पूरी तरह कार्यरत है। कार्यक्रम का संचालन शुभांग एवं अन्मता द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. पुष्पा जोशी, डा. अरविन्द कुमार, डा. सुरेश कुमार, विवेक कुमार, पी.के. दीक्षित, प्रमोद त्यागी, विकान्त कुमार, विशाल सिंह, प्रिया शर्मा आदि शिक्षकगण, छात्र/छात्राए एवं सभी महिला सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आनंदपुर साहिब से शुरू हुई जनजागृति यात्रा का धामपुर पहुंचने पर सिख संगत ने किया स्वागत




पंच प्यारे की अगुवाई में पहुंची यात्रा का स्वागत करते हुए धामपुर की सिख संगत।

**धामपुर ( चिंगारी )।** तख्त श्री केशगढ़ साहिब आनंदपुर साहिब से प्रारंभ होकर तख्त सचखंड श्री हरि मंदिर पटना साहिब तथा गुरुद्वारा धुबड़ी साहिब आसाम तक जाने वाली जन जागृति यात्रा का धामपुर में स्वागत किया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया तथा पंज प्यारियों की अगुवाई मे निकाली जा रही जन जागृति यात्रा आगामी 26 दिसंबर को निर्धारित स्थान पानीपत में पहुंचकर संपन्न होगी ।

यात्रा का नेतृत्व कर रहे श्री अकाल सहाय सेवा समिति (रजिस्टर्ड) भारत के प्रधान सरदार सज्जन सिंह खालसा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी शताब्दी वर्ष के अंतर्गत निकाली जा रही इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य सभी स्थानों के गुरमुख परिवारों तथा आम जन को गुरु तेग बहादुर जी महाराज तथा उनके अनुयायियों भाई मतिदास भाई सती दास तथा भाई दयाला जी की शहीदियों से परिचित कराना है। इस जन जागृति यात्रा में शामिल संगत बसंती केसरी और नीले रंग की पगड़ी और दुपट्टे धारण किए हुए युवक आकर्षण का केंद्र बने रहे।

वाहन के आगे चल रहे पंज प्यारे श्री गुरु साहिब जी की अगुवाई करते चल रहे थे। धामपुर में नगीना मार्ग पर एडवोकेट पवन सलूजा के चेंबर के बाहर स्वागत कार्यक्रम के दौरान यात्रा के प्रमुख संयोजक जत्थेदार सरदार सज्जन सिंह खालसा ने समाजसेवी वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, पूजा रानी सलूजा, पवन सलूजा एडवोकेट, काजल रानी सलूजा, जैविन सलूजा, सरदार ओंकार सिंह भाटिया, जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं जिला पंजाबी समाज के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा एवं जिला मीडिया प्रभारी सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक मीडिया सहयोगी सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी आदि को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।

गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह तथा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा धामपुर की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरु चरण सिंह चावला के निर्देशन में स्वागत करने वालों में सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, सरदार रविंदर सिंह सीडाना, डॉ. अमरजीत सिंह चावला, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार गुरमीत सिंह मोगा, सरदार प्रतिपाल सिंह चावला, सरदार इंद्रजीत सिंह गांधी, सरदार सतपाल सिंह सीडाना, सरदार जोगिंदर सिंह सीडाना, सरदार गुरुचरण सिंह एलजी, प्रदीप चोपड़ा, अशोक चोपड़ा, होशियार सिंह, सरदार जसप्रीत सिंह रॉकी, सरदार गुरदीप सिंह चावला, रोमी गुलशन लाल छाबड़ा, सरदार इंद्रजीत सिंह मेहंदीरत्ता, सरदार गुरमीत सिंह गांधी राजू, सरदार भूपेंद्र सिंह कालड़ा, सरदार जगवंत सिंह चावला के अलावा बेबे नानकी दल की जत्थेदार बीबी अमनप्रीत कौर सीडाना तथा स्त्री सत्संग सभा की वरिष्ठ सदस्य प्रकाश कौर चावला शामिल रहे।

## धामपुर के नीरज बने नागर विमानन निदेशालय में आप्रेशन आफिसर



**धामपुर ( चिंगारी )।** बंधु नगर कॉलोनी, धामपुर निवासी नीरज कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग (PSC) द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में ऑल इंडिया रैंक 27 प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस चयन के साथ नीरज कुमार का चयन नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) में ऑपरेशन ऑफिसर (गजटेड क्लास–A) पद पर हुआ है। नीरज कुमार वर्तमान में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) में एयर ट्रैफिक कंट्रोल ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं तथा उनकी पोस्टिंग तिरुपति (आंध्र प्रदेश) में है। व्यस्त और उच्च जिम्मेदारी वाले सेवाकाल के बीच PSC जैसी कठिन चयन प्रक्रिया में सफलता उनकी अनुशासित कार्यशैली और निरंतर परिश्रम को दर्शाती है। नीरज कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, मार्गदर्शकों और वरिष्ठ अधिकारियों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि से धामपुर सहित क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। DGCA में गजटेड अधिकारी के रूप में चयन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह प्रमाणित करता है कि लगन, अनुशासन और सतत प्रयास से उच्च लक्ष्य प्राप्त किये जा सकते हैं।

## प्रशासन ने होटल के तीन कमरों को सील किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे 74 नगीना मार्ग पर दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने संचालित फुट महल नामक होटल पर बुधवार को प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए होटल के तीन कमरों को सील कर दिया। बताया जा रहा है कि, इस होटल में लंबे समय से अनैतिक कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा था, जिसकी शिकायत लगातार तहसील प्रशासन को पहुंच रही थी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अवैध गेस्ट हाउस संचालकों में भी हड़कंप मचा हुआ है। होटल के आसपास रहने वालों ने बताया कि होटल में अराजक तत्वों की लगातार आवा-जाही रहती थी। देर रात तक आवा-जाही होने से आसपास के रहने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। कई बार आपत्तिजनक परिस्थिति भी सामने आने के बाद लोगों ने सामूहिक रूप से उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। उप जिलाधिकारी ने शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए टीम बनाकर जांच के निर्देश दिये। बुधवार को तहसीलदार धनराज सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे, कोतवाल मृदुल कुमार, लेखपाल प्रभात चौधरी, छत्रपाल सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर होटल की जांच की। जांच के दौरान अधिकारियों ने होटल संचालक से लाइसेंस व दस्तावेज मांगे। लेकिन संचालक कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका। अवैध रूप से होटल संचालक और संदेहास्पद गतिविधियों के चलते प्रशासन ने होटल के तीन कमरों को सील करने की कार्रवाई की। आसपास के अवैध होटल संचालकों में इस कार्यवाही के बाद हड़कंप मच गया।

## छात्रों के दो गुटों में लात-घूंसे चले

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग स्थित दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के अवकाश होने के बाद मुख्य द्वार पर छात्रों के दो गुटों में फिल्मी स्टाइल में जमकर लात घूसे चले, जिससे नहटौर मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। छात्रों के दो गुटों की इस लड़ाई में मार्ग से गुजरने वाले वाहनों पर बैठे हुए यात्री तमाशबीन बने रहे। किसी ने भी उनका बीच बचाव करने का प्रयास नहीं किया। इस झगड़े की एक वीडियो फुटेज सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चल रही है, जिसमें दिखाया गया है कि छात्रों के दो गुटों में पहले जमकर लात घूंसे चले और उसके बाद कुछ लड़के गन्ना लेकर एक छात्र के पीछे भागे। इस संबंध में पुलिस ने जब वीडियो की जांच की तो स्पष्ट हुआ कि थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम मंढैया निवासी 20 वर्षीय कुलदीप पुत्र तेजपाल दिशा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट का बी फार्मा का छात्र है। उसके साथ ही इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले तीन-चार छात्रों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो बाद में मारपीट में बदल गया। इस घटना के संबंध में कुलदीप कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार की है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने की शिकायत आयी फूड इंस्पेक्टर की जांच में झूठी पायी

**धामपुर ( चिंगारी )।** बड़ी मंडी में चाय-समोसे की दुकान संचालित करके अपने परिवार की गुजर बसर करने वाले मोनू गुप्ता के खिलाफ साजिश की गई ऑनलाइन शिकायत फूड इंस्पेक्टर द्वारा की गई जांच में फर्जी पायी गई। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री पोर्टल पर बड़ी मंडी निवासी राजेश कुमार, विजय कुमार व विनोद कुमार आदि के नाम से मोनू गुप्ता पर मिलावटी सामान बेचने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई थी।

शिकायत की जांच के लिए बुधवार को बिजनौर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.के. सिंह अपनी टीम के साथ धामपुर बड़ी मंडी पहुंचे। जांच के दौरान जब अधिकारी ने शिकायत में दर्ज नामों वाले लोगों से पूछताछ की, तो सभी ने ऐसी किसी भी शिकायत से साफ इंकार कर दिया। वहीं शिकायत में दर्ज मोबाइल नंबर की जांच करने पर वह धामपुर क्षेत्र के एक अन्य गांव निवासी व्यक्ति का निकला। उसने भी शिकायत करने से इंकार करते हुए अपने नंबर का गलत इस्तेमाल करने की बात कही। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर.के. सिंह ने बताया कि जांच में शिकायत पूरी तरह फर्जी साबित हुई है। शिकायत में जिन लोगों के नाम और नंबर का उल्लेख किया गया था, उन्होंने लिखित रूप से भी बताया है कि उन्होंने कोई शिकायत नहीं की। उन्होंने कहा कि मामले की संपूर्ण रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। उधर, मोनू गुप्ता का कहना है कि कुछ लोग उनके व्यापार से रंजिश रखते हैं और आए दिन उनकी फर्जी शिकायत करते रहते हैं। इससे पूर्व भी दो बार उनके खिलाफ फर्जी शिकायत की जा चुकी है। वह भी जांच में झूठी पाई गई थी।

# उत्तम शुगर मिल ने किया 4 दिसम्बर तक खरीदे गये गन्ने का भुगतान

## सीओ- 0238 प्रजाति का गन्ना बिल्कुल न बोयें किसान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बुधवार को उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर ने 35 करोड़ 90 लाख रूपये का भुगतान करते हुए 4 दिसम्बर तक खरीदे गये समस्त गन्ने का भुगतान गन्ना समितियों के माध्यम से किसानों के खातों में भेज दिया है। मिल ने चालू पेराई सत्र में अब तक कुल 105 करोड़ 22 लाख का गन्ना भुगतान कर दिया है। मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि चीनी मिल इसी प्रकार ससमय गन्ना मूल्य भुगतान करने को प्रतिबद्ध है। महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने कृषकों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष किसान भाई रेड रॉट (लाल सड़न) रोग से ग्रसित गन्ना प्रजाति सीओ-0238 की बुवाई बिल्कुल भी न करें। बीमारी के प्रकोप के कारण इस बार भी गन्ने की पैदावार काफी कम निकल रही है, जिससे कृषकों को काफी नुकसान हो रहा है। इस प्रजाति की बुवाई से किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो सकती है। साथ ही उन्होंने कृषकों से गेहूं के साथ गन्ना लगाने की भी अपील की है। गेहूं के साथ गन्ना बुवाई करने से अलग से खेत तैयार नहीं करना पड़ता है, जिससे जुताई के खर्च की बचत होती है। गेहूं की बुवाई बैड पर करने से गेहूं के उत्पादन में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है। फरवरी माह में गन्ना बुवाई करने से लेबर आसानी से मिल जाती है, जबकि गेहूं के बाद गन्ने की बुवाई करने पर लेबर बहुत मुश्किल से और बेहद महंगी मिलती है। फरवरी में अच्छी गुणवत्ता का बीज आसानी से उपलब्ध रहता है और चीनी मिल चलने के कारण गन्ने का ऊपरी भाग बीज में प्रयोग करने के बाद नीचे का शेष भाग मिल में आपूर्ति किया जा सकता है।

# 'शैतान चौकी' पर कब्जा दिलाने आये अमीन को बैरंग लौटना पड़ा



मौके पर मौजूद पुलिस बल।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला नेजा सराय के निकट स्थित लगभग 200 वर्ग गज विवादित भूमि जिसे 'शैतान चौकी' कहा जाता है, पर कब्जा दिलाने आए अमीन को दूसरे पक्ष द्वारा मुंसफी नगीना के द्वारा जारी स्थगन आदेश का पर्चा तलाश दिखाने पर बिना कब्जा दिलाए बैरंग लौटना पड़ा। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

नगर के मोहल्ला नेजो सराय के निकट स्थित लगभग 200 वर्ग गज आराजी का मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी अब्दुल रहीम नामक व्यक्ति ने लगभग 35 वर्ष पूर्व नफीस अहमद नामक व्यक्ति के हक में इकरारनामा पंजीकृत कर दिया था। अब्दुल रहीम की मृत्यु के बाद नफीस अहमद द्वारा अपने हक में बैनामा करा लिया गया। उधर, तीन व्यक्तियों द्वारा अब्दुल रहीम के उत्तराधिकारियों से किरायानामा करा लिया गया। जिनमें से एक किराएदार फैज चौधरी ने सिविल न्यायालय में दूसरे किराएदार फरीद अहमद को पार्टी बनाते हुए वाद दायर कर सिविल न्यायालय जुडिशल नगीना से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया। न्यायालय बिजनौर के आदेश पर अपने हक में बैनामा करा कर पुलिस को अपने साथ मौके पर कब्जा करने आए अनवर अहमद व उनके साथ आए अमीन को फैज चौधरी पुत्र भूरे चौधरी उर्फ़ नवाब अहमद निवासी मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा व उनके साथ आए कुछ वकीलों द्वारा न्यायालय सिविल जज ज्यूडिशल कोर्ट नगीना द्वारा स्थगन आदेश दिखाते हुए कहा गया कि उक्त आरजी के संबंध में एक वाद संख्या 1447 /2025 फैज चौधरी बनाम फरीद अहमद के नाम से विचाराधीन है । उक्त वाद में 7 जनवरी 2026 तक जरीय अस्थायी निषेधाज्ञा प्रतिवादी को विधिक प्रक्रिया वर्णित संपत्ति से बिना विधिक प्रक्रिया अपनाएं वादी व तरतीबी प्रतिवादी को बेदखल ने करें। इस पर बिजनौर से आए अमीन का भूमि पर दूसरे पक्ष का कब्जा दिलाए बिना बैरंग लौटना पड़ा।

### छावनी में तब्दील हुआ विवादितस्थल

विवादित संपत्ति पर भारी पुलिस फोर्स को साथ लेकर बेनामे के आधार पर कब्जा दिलाने आए अमीन को दूसरे पक्ष का भारी विरोध झेलना पड़ा। विवादित स्थल पर लोगों की जमा हुई भारी भीड़ के कारण विवादित स्थल पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। कई बार पुलिस को बढ़ती भीड़ के कारण लोगों को डांटकर भागना पड़ा । इस विवादित भूमि कर कब्जे को लेकर इससे पूर्व भी कई बार विवाद हो चुका है।

### विवादित भूमि पर, कई लोगों की नज़र

**विवादित भूमि वर्तमान समय में करोड़ों रुपए की है। शहर के अनेक लोगों की नजर इस करोड़ों रुपए की जमीन पर लगी हुई है, वह कब्जा करने की फिराक में है। उधर, विवादित संपत्ति के विषय में लोगों का कहना है कि जब संपत्ति वकफ बोर्ड की है तो वक्फ बोर्ड के अधिकारी आंख मूंदे हुए क्यों बैठे हैं। उक्त विवादित 200 वर्ग गज भूमि को 'शैतान चौकी' के नाम से भी जाना जाता है।**

# शिविर में 202 मरीजों ने कराई आंखों की जांच



## 97 का मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चयन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा बुधवार को अग्रवाल भवन बिजनौर में एक विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के योग्य चिकित्सकों की टीम ने मोतियाबिंद के 202 मरीजों का परीक्षण किया व 97 मरीजों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया।

निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट के द्वारा समय-समय पर अनेक नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाए जाते हैं, जिससे गरीब, बेसहारा लोगों को काफी लाभ होता है। बिजनौर की जनता निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट के इस सराहनीय कार्य की सदा आभारी रहती है। नेत्रदान में निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट के डॉक्टरों द्वारा नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बिजनौर में भी नेत्रदान जागरूकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यहां पर रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा समय-समय पर फ्री आई कैंप निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आयोजित किया जाता है तथा नेत्रदान करने के लिए भी जनता को प्रेरित किया जाता है। विकास अग्रवाल का मानना है कि दुनिया में बहुत लोग ऐसे हैं जिनको पृथ्वी के सुनहरे रंग देखने का अवसर नहीं मिलता है। नेत्रदान मरकर भी जिंदा रहने का वरदान है। शिविर में वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ, विकास अग्रवाल सर्राफ, रोहित विश्नोई, अमित चिकारा, वंशिका, वंश, गौरी, प्रांजल, पार्विका, आशा अग्रवाल, विनोद कुमार गुप्ता, रुचि, राघव, डॉ. रूबी, अमित रस्तोगी, विपुल रस्तोगी, अश्वनी चित्रार्थ, पूनम, अंकित, पंकज अग्रवाल सर्राफ, मुकेश त्यागी, पी.के. त्यागी, संजीव गर्ग आदि का विशेष सहयोग रहा।

## छह माह से बंद विद्युत मीटर को बदलवाए जाने की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** किरतपुर के मौहल्ला कायस्थान निवासी एक व्यक्ति का बिजली का मीटर कई माह से बंद पड़ा है, जिसके कारण उसका नियमित बिल नहीं निकल पा रहा है। विद्युत उपभोक्ता ने अधिशासी अभियंता से उसका विद्युत मीटर बदलवाये जाने की मांग की है। किरतपुर के मौहल्ला कायस्थान निवासी अनीस अहमद पुत्र जमीर अहमद ने अधिशासी अभियंता विद्युत को दिये शिकायती-पत्र में कहा है कि उसका मीटर कई माह से बंद पड़ा है, जिसके कारण बिजली का बिल नहीं निकल पा रहा है। कई बार कहने के बाद भी उसका मीटर नहीं बदला गया है, जिससे उसे परेशानी हो रही है। अनीस अहमद ने उसका विद्युत मीटर शीघ्र बदलवाए जाने की मांग की है।

## 17 को कलेक्ट्रेट सभागार में होगा पेंशनर दिवस का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ कोषाधिकारी विजय शंकर तिवारी ने शासन के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर सुनवाई एवं निराकरण के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष बिजनौर में आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के प्रमुख कार्यालयाध्यक्षों द्वारा प्रतिभाग किया जाना अपेक्षित है।

# पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से हड़कम्प

नहटौर (चिंगारी)। यहां स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन उससे पूर्व ही फैक्ट्री संचालक व कर्मचारियों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। एसडीएम के आदेश पर फैक्ट्री को सील करने की कार्रवाई कर दी गई।



आज प्रात: आठ बजे ग्राम आकू के पास नहर किनारे संचालित पटाखा फेक्ट्री में अचानक आग लग गई। जिससे हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में काम कर रहे लोगों ने किसी तरह भाग कर जान बचाई। आग पर किसी तरह काबू पाया गया लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। अग्निशमन अधिकारी और पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया है। उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा पुलिस, क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार ने फैक्ट्री पहुंचकर मौका मुआयना किया। एसडीएम स्मृति मिश्रा के आदेश पर फैक्ट्री सील करने की कार्रवाई की गई।

# पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से जीती नाइजीरियन टीम

**नगीना ( चिंगारी )।** ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में नोएडा ( नाइजीरियन) की टीम ने पेनल्टी में देहरादून की टीम को 5-4 के स्कोर से पराजित कर फाइनल में शानदार एंट्री दर्ज की। बुधवार को हिन्दू इंटर कॉलेज के पास स्थित मैदान में हो रहे याद-ए-खलील ऑल इण्डिया फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला नोएडा (नाइजीरियन) व देहरादून की टीम के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने किया। निर्धारित समय अवधि में दोनों टीमें एक-एक गोल की बराबरी पर रहीं, तो फिर अतिरिक्त समय दिया गया। अतिरिक्त समय में भी दोनों टीमों ने एक-एक गोल किया तो फिर स्कोर बराबरी पर हो गया। बाद में पेनल्टी शूट आउट के जरिए दोनों टीमें मैदान पर उतरीं, जिसमें नाइजीरियन की टीम ने 5-4 के स्कोर से मैच जीतकर फाइनल में स्थान प्राप्त कर लिया। मैच में रैफरी कुशाल रावत, दीपक सैनी, सुभाष कपूर उर्फ़ पप्पी, कमैन्ट्रेटर मास्टर शहज़ाद आज़म मुल्तानी, इरफ़ान अंसारी रहे। इस मौक़े पर नगीना फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, सचिव नौशाद अप्पा, शेख जमशेद, कुंवर अमरजीत सिंह, अब्दुल समद, लाला विनोद कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, सभासद गोपाल शर्मा, मोहम्मद शानू, ताहिर मुल्तानी, ज़ाहिद अंसारी, नासिर मुल्तानी आदि मौजूद रहे।



**नगीना में हो रहे ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में नाइजीरियाई टीम के जीत के साथ फाइनल में प्रवेश करने पर खिलाड़ियों को संबोधित करते शेख शाहनवाज खलील**

## खिलाड़ियों को कंधे पर उठाया, जश्न मनाया

नोएडा (नाइजीरियन) की टीम के पेनल्टी शूट आउट के जरिए जीत का ऐलान होते ही वहां मौजूद हजारों की संख्या में दर्शक मैदान पर उतर आए। दर्शकों ने नाइजीरियाई की टीम के खिलाड़ियों को कंधे पर उठा लिया तथा जमकर जश्न मनाया। नगीना के दर्शक मैच प्रारंभ होने से पहले ही नाइजीरियन की टीम के साथ खुलकर समर्थन में खड़े दिखाई दिए। नगीना के खेल प्रेमियों के सिर पर नाइजीरियन खिलाड़ियों का जादू सर चलकर बोल रहा था।

# शहीदी दिवस को समर्पित यात्रा पहुंची नगीना स्थानीय संगत ने स्वागत किया भावभीना

**नगीना ( चिंगारी )।** श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित यात्रा के नगीना पहुंचने पर संगत द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित उक्त यात्रा श्री आनंदपुर साहिब से आरंभ होकर सचखंड श्री पटना साहिब एवं गुरुद्वारा धुबरी साहिब असम तक निकाली जा रही है, जिसका नगीना पहुंचने पर यहां की संगत द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा के नगीना पहुंचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना एवं सभी संगतों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत धामपुर रोड स्थित भूपेंद्र ट्रांसपोर्ट कंपनी पर किया गया। यात्रा का आयोजन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर एवं अकाल सहाय सेवा समिति जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा किया जा रहा है। यात्रा आयोजन कर्ताओं ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शताब्दी शहीदी दिवस को समर्पित उक्त यात्रा दिनांक 8 दिसंबर 2025 को श्री आनंदपुर साहिब से प्रारंभ होकर 24 दिसंबर 2025 तक चलेगी और गुरुद्वारा श्री धुबरी साहिब असम तक जाएगी। यात्रा में सबसे आगे चल रही मिनी बस में पंच प्यारे सवार थे और उनके पीछे फूलों से सुसज्जित बस पर गुरु महाराज जी की सवारी थी। यात्रा में शामिल अन्य बसों में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लोग एवं संगत सवार थी। संगतों द्वारा किए जा रहे भजन कीर्तन से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया था। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा यात्रा के सभी आयोजकों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया तथा यात्रा में शामिल सभी संगतों को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना द्वारा चाय, पानी एवं प्रसाद आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नगीना केवल पाल सिंह, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, गुरु घर के ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, भाई तारा सिंह, भाई ज्ञानपाल सिंह, हरमीत मल्होत्रा, बलविंदर सिंह, एडवोकेट हरदयाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, दीपक मल्होत्रा,अजीत कौर, रमिंदर कौर, अवनीत कौर, मनप्रीत कौर, तरबिंदर कौर, सोनिया सचदेवा, पम्मी मल्होत्रा आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रांतीय परिषद के सदस्य बने रोहित रवि, खुश हुये सभी

**नगीना ( चिंगारी )।** पूर्व विधायक सतीश गौतम के पुत्र रोहित रवि को भाजपा ने प्रांतीय परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। रोहित रवि के प्रांतीय सदस्य बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। भाजपा नेता रोहित रवि ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जिस सम्मान से नवाजा है, वह पार्टी को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान,पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, कृष्ण बलदेव सिंह, सौरभ मित्तल, नीरज बिश्नोई, पंडित सचिन शर्मा, डॉ. भूपेश चौहान, अब्दुल कय्यूम राईन, गर्वित चौधरी, लवी मित्तल आदि मौजूद रहे।



**भाजपा के प्रांतीय परिषद के सदस्य मनोनीत होने पर रोहित रवि का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।**


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
पूर्वी गंगा नहर निर्माण मण्डल,
बिजनौर

ई–निविदा सूचना सं0–04 / एस0ई0 / 2025–26

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑन लाइन **http://etender.up.nic.in** के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड व फाइनेन्शियल बिड, उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में निम्नांकित तालिकानुसार वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक–12.12.2025 पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–19.12.2025 अपराह्न 10.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। ऑनलाईन ई–निविदा की प्री–क्वालीफिकेशन / टेक्निकल बिड दिनांक–19.12.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे मुख्य अभियन्ता (पूर्वी गंगा), सिंचाई विभाग, उ0प्र0 मुरादाबाद द्वारा गठित निविदा समिति / अधोहस्ताक्षरी द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाई होने वाले निविदाताओं की सूची अपलोड किये जाने के उपरान्त उनकी फाइनेंशियल बिड दो दिवस उपरान्त खोली जायेगी। इस बीच की अवधि में टेक्निकल बिड के सम्बन्ध में आपत्तियां दर्ज करायी जा सकेगी, इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने अथवा तकनीकी कारणों की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। वेबसाइट पर ई–निविदा प्रपत्र दिनांक–12.12.2025 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से उपलब्ध होगा।

| लाट सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+स्टेशनरी (जी0एस0टी0 सहित रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकरण की श्रेणी | कार्य से सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | "Reconstruction of tail fall at km. 10.000 and Redesign of Internal Cross Section from km. 0.000 to km. 10.200 of Nagina Branch Cum Escape, Year (2025-26)" | 346.00 | 6.94 | 2354.00 | 12 माह | सिंचाई विभाग में 'ए' एवं 'ए' से उच्च पंजीकृत श्रेणी | अधिशासी अभियन्ता, पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड–6, नजीबाबाद |
| 2 | Construction of R.C.C Canal Section in Gap of Kotra Dy. From 16.135 to 16.315 | 164.00 | 3.28 | 2354.00 | 03 माह | सिंचाई विभाग में 'ए' एवं 'ए' से उच्च पंजीकृत श्रेणी | अधिशासी अभियन्ता, पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड–6, नजीबाबाद |

नोटः– लॉट संख्या–1 पर अंकित कार्य की निविदा धनांबटन की प्रत्याशा में निर्गत की जा रही है।

1. यह ई–निविदा / बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://up.gov.in, सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.gov.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध है।
2. ई–निविदा / बिड की विस्तृत शर्तें निविदा / बिड प्रपत्र के साथ वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी।

R.O.No. 242108 Date: 09-12-2025
UPID.www.upgov.nic.in

(रविन्द्र कुमार चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता

# स्योहारा का पशु अस्पताल खुद बीमार और खस्ताहाल

-अश्मनी विश्नोई




**स्योहारा ( चिंगारी )**। जिला पंचायत की भूमि पर बना पशु चिकित्सालय एवं कृत्रिम गर्भाधान केंद्र खस्ताहाल हो गया है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। जब से पशु चिकित्सा प्रभारी का स्थानांतरण दूसरी जगह हुआ है, तब से चिकित्सा प्रभारी की नियुक्ति नहीं हुई है। ऐसे में एक फार्मेसिस्ट के भरोसे अस्तपाल को छोड़ दिया है। नगर में जिला पंचायत की भूमि पर बने इस पशु चिकित्सालय का भवन इतना पुराना हो गया है कि बारिश के दिनों में कोई भी इसमें नहीं बैठना चाहता, क्योंकि पता नहीं कब ये गिर जाए और कोई अप्रिय घटना घटित हो जाए। जुलाई 2024 तक इसमें चिकित्सा प्रभारी के पद पर डाक्टर सुधीर अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन उनका स्थानांतरण अन्य जगह को हो गया और इसका चार्ज धामपुर पशु चिकित्सक प्रभारी के पास चला गया। ऐसे में यहां सिर्फ एक फार्मेसिस्ट अस्पताल को देख रहा है। लोगों का कहना है कि वह भी मनमुताबिक ही आते हैं और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। खंडहर हो चुका इस पशु चिकित्सालय पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

## जनता की आवाज...



इन दिनों पशुओं में पका की बीमारी चल रही है जिसका इलाज समय से नहीं हो पा रहा है, जल्द से जल्द चिकित्सक की नियुक्ति की जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करेगी जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रसासन की होगी ।

**-चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत**
ब्लाक अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन



किसानों के सामने पशुओं को लेकर बहुत समस्या है। चिकित्सक की नियुक्ति होनी चाहिए जिससे किसान पशुपालन में रूचि लेगा और दूध का उत्पादन बढ़ेगा।

**-अनिल कुशवाहा,**
किसान ग्राम सदाफल



पशुओं को बीमार होने पर उपचार नहीं मिलता, जिसके चलते पशुओं की मौत हो जाती है, जिससे किसान को एक पशु की मौत पर लाखों रूपये का नुकसान होता है। सम्बंधित अधिकारी को इस ओर ध्यान देना चाहिए

**-निशीकांत त्यागी**
किसान ग्राम मलकपुर बुढेरन



पशु अस्तपताल में चिकित्सक के न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह कृत्रिम गर्भाधान केंद्र भी है। जल्द से जल्द चिकित्सक की नियुक्ति होनी चाहिए ।

**-राजीव विश्नोई**
किसान ग्राम
भगवानपुर रैनी

# बिजनौर के नाजिश विकार ने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में अंतिम चार में जगह बनाई

## शहर व प्रदेश का नाम किया रोशन



**बिजनौर ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश के बिजनौर शहर के मोहल्ला चाहशीरीं निवासी प्रसिद्ध निशानेबाज़ नाज़िश विकार ने 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप (स्कीट वर्ग) में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल कर पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। नई दिल्ली के डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में चल रही इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में नाज़िश ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शानदार तकनीक से सभी को प्रभावित किया। फाइनल राउंड तक पहुंचकर उन्होंने देश के टॉप निशानेबाज़ों को कड़ी टक्कर दी और अंतिम चार में जगह बनाई।

नाज़िश की इस ऐतिहासिक सफलता पर बिजनौर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में खुशी की लहर है। खेल प्रेमी और स्थानीय लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। उनके परिवार का कहना है कि यह उपलब्धि नाज़िश की वर्षों की मेहनत का नतीजा है और आने वाले समय में वह देश को ओलंपिक स्तर पर मेडल दिला सकते हैं। एक बार फिर साबित हुआ कि उत्तर प्रदेश प्रतिभाओं की खान है। नाज़िश विकार जैसे निशानेबाज़ प्रदेश के लिए नया गौरव लेकर आ रहे हैं। बता दें कि नाजिश विकार ट्रैप व डबल ट्रैप स्पर्धाओं में भी प्रतिभाग करेंगे, जो क्रमशः 18 से 21 दिसम्बर 2025 व 4-5 जनवरी 2026 को होनी हैं।

# शिक्षकों से दिल्ली धरना-प्रदर्शन में चलने की अपील

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आव्हान पर आज 11 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन में जनपद बिजनौर से सैकड़ों शिक्षक अपने निजी वाहनों, बस व ट्रेन के माध्यम से दिल्ली पहुंचेंगे। संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व में होने वाले एक दिवसीय धरना, प्रदर्शन में देश भर से लाखों शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि संसद सत्र के दौरान होने वाला यह प्रदर्शन केंद्र सरकार को अध्यादेश संशोधन करने का निर्णय लेने को मजबूर कर देगा। उन्होंने जनपद के शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली में होने वाले धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।**

# नूरपुर क्षेत्र के दो खिलाड़ियों का प्रीमियर लीग क्रिकेट में चयन



**नूरपुर( चिंगारी )**। मुम्बई में आयोजित होने वाली इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए नूरपुर क्षेत्र के गांव मंझोला बिलौच निवासी साजिद खान के पुत्र अर्शु खान व चांदपुर क्षेत्र के गांव नसीरपुर शेख निवासी फुरकान अहमद के पुत्र मौहम्मद रजी शेख का चयन हुआ है। टूर्नामेंट के लिए देश भर से प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी चयनित होकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। व्हाइट बॉल क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को इस मंच पर अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी निष्ठा, मेहनत और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। इनके चयन की खबर मिलते ही मंझोला बिलौच और नसीरपुर शेख सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। परिवारों, मित्रों और शुभचिंतकों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इज़हार किया। लोगों ने दोनों खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। स्थानीय खिलाड़ियों का कहना है कि आईएसपीएल जैसा बड़ा मंच क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। दोनों खिलाड़ियों का चयन होना जनपद के लिए गौरव की बात है।



# समानता, न्याय और स्वतंत्रता सभी के लिये आवश्यक : डा. परवेज़

## कृष्णा कॉलेज में मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन



**बिजनौर (चिंगारी)।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कालेज, बिजनौर में मानवाधिकार दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये छात्रों को मानवाधिकारों के महत्व एवं संरक्षण तथा उससे जुड़ी हुई चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे समानता न्याय और स्वतंत्रता सभी के लिए आवश्यक है। साइंस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि मानव अधिकारों का उल्लंघन एक सार्वभौमिक समस्या है, जिसका समाधान नागारिकों को मानव अधिकारों के बारे में जागरूक करके ही किया जा सकता है। भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल किया गया है जो भारतीय नागरिकों के मानवीय अधिकारों को सुनिश्चित करते हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, दासता और यातना से मुक्ति, विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, रोजगार परक काम करने और शिक्षा का अधिकार और अन्य अनेक अधिकार शामिल हैं। वाणिज्य विभागाध्यक्ष सूरज शर्मा ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून, देशों की सरकारों पर यह जिम्मेदारी तय करता है कि वे मानवाधिकारों और व्यक्तियों या समूहों की मूल स्वतंत्रताओं को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए, कुछ निश्चित कार्य करें या कुछ कृत्यों से बचें। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्रवक्ता मनदीप चिकारा, प्रियंका अग्रवाल, दीपांशु जैन का विशेष योगदान रहा।

# दिव्यांगों को मिले रोजगार ऋण उपलब्ध कराये सरकार

## जब तक मेरे अंदर सांस रहेगी, तब तक दिव्यांग, गरीबों की लड़ाई लड़ता रहूंगा : एमआर पाशा

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने बुधवार जिला अधिकारी जसजीत कौर को 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में श्री पाशा ने अवगत कराया कि दिव्यांगों की सबसे बड़ी जरूरत इस समय रोजगार की है, उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए तथा उन्हें ऋण उपलब्ध कराया जाए तथा जो शिक्षित दिव्यांग हैं उनको संविदा पर रखा जाए। दिव्यांगजनों की समस्या के निस्तारण हेतु हर थाने पर एक सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी की तैनाती की जाए तथा दिव्यांग की समस्या का 24 घंटे के अंदर निस्तारण किया जाए। डूडा विभाग तीसरी मंजिल विकास भवन में कार्यरत है, उसे नीचे लाया जाए। सभी सरकारी कार्यालयों एवं बैंकों में रैम्प व व्हीलचेयर की सुविधा दिव्यांगों के लिए उपलब्ध कराई जाए। दिव्यांगजनों को सीएमओ कार्यालय में हर सोमवार को मेडिकल बोर्ड में दिव्यांगजनों को सुविधा दिलाई जाए। सीएमओ कार्यालय बिजनौर में हर सोमवार को लगने वाला दिव्यांग बोर्ड, जिसमें दिव्यांगजनों के सर्टिफिकेट बनते हैं, वहां पर दलाल प्रवृत्ति के लोग दिव्यांगों से अवैध वसूली करते हैं, वहां पर असामाजिक दलाल प्रवृत्ति के लोगों पर रोक लगाई जाए। सीएमओ कार्यालय में दलाली बंद कराई जाए तथा दिव्यांगों का उत्पीड़न रुकवाया जाए। सभी गरीब दिव्यांगजनों के सरकारी आवास, अंतोदय कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और राशन की दुकान भी आवंटित की जाए, सभी जिला उद्योग केंद्र एवं खादी ग्रामोद्योग पर दिव्यांगों की ऋण आवेदन मंजूर कर बैंकों को भेजे जाएं।



डीएम को ज्ञापन देते हुए एम.आर. पाशा।

### शिक्षित दिव्यांग को मिले नौकरी

**राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने मांग कि दिव्यांग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो शिक्षित ग्रेजुएट दिव्यांग हैं उन्हें संविदा पर भर्ती किया जाए और जिस दिव्यांग की कम एजुकेटेड है उन्हें शुगर मिल एवं फैक्ट्रियों पर नौकरियां दिलाई जाएं, जिससे वह आत्मनिर्भर होकर अपना जीवन यापन कर सकें।**

# एसडीएम सदर ने राजनीतिक दलों के साथ की SIR संबंधी बैठक



**बिजनौर (चिंगारी)।** विधानसभा बिजनौर 22 के राजनीतिक दलों के साथ तहसील में SIR संबंधी बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी से अनुरोध किया गया कि सभी अपने-अपने बूथ का भ्रमण कर ASD सूची का अवलोकन कर लें। आज फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि है। सभी अपना फॉर्म बीएलओ को सबमिट कर दें ताकि समय से डिजिटाइज़ किया जा सके। साथ ही नये मतदाता हेतु प्रारूप 6 प्राप्त भरने हेतु भी जानकारी प्रदान की है। बैठक में भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक उपजिलाधिकारी रीतू रानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

# रावली तटबंध का होगा पुनर्निर्माण

## जनवरी के पहले सप्ताह से निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना

**बिजनौर (चिंगारी)।** गत दिनों बरसात में सिंचाई विभाग की नाक में दम करने वाले बैराज-रावली तटबंध को पुन: बनाने की शासन से मंजूरी मिल गई है। संभावना जताई जा रही है कि जनवरी के पहले सप्ताह में तटबंध का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। सिंचाई विभाग ने तटबंध एसीबीएम (आर्टिकुलेटिंग कंक्रीट ब्लॉक मैट्रेस) तकनीक से बनाने का निर्णय लिया है। इसके निर्माण पर करीब 40 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा। सिंचाई विभाग का दावा है कि ये तटबंध आधुनिक और 1060 मीटर लम्बा होगा। इसे गंगा की तेज़ धारा बहुत अधिक प्रभावित नहीं कर पायेगी।

उल्लेखनीय है कि गत सितम्बर में बाढ़ के कारण उक्त तटबंध के टूटने की नौबत आ गई थी। सिंचाई विभाग ने दिन-रात मेहनत करके किसी तरह तटबंध को रोका था। इसके टूटने से कई गांवों में भयानक बाढ़ का खतरा मंडरा गया था। प्रशासन ने कई गांव तो खाली भी करा लिये थे। कई दिन तक आसपास के कई गांवों के लोग रात को सो भी नहीं पाये थे। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर कई गांवों के लोगों को दूसरी जगहों में शिफ्ट कर दिया था। स्थानीय लोग डर और चिंता के कारण तटबंध पर पहरा देते रहे थे। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ब्रजेश मौर्य के अनुसार तटबंध एसीबीएम तकनीक से बनाया जायेगा। इस तकनीक से पहले क्षतिग्रस्त तटबंध की स्लोपिंग को समतल और मजबूत किया जाता है।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती पर होगा कार्यक्रम

## रालोद की बैठक में रूपरेखा बनायी गई



**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल की मासिक बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 23 दिसंबर को जयंती मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी को मजबूत करने के लिए रालोद की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने को कहा गया। जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य ने कहा कि 23 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती पर हवन किया जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एसआईआर के कार्य में सहयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया। पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह ढाका ने कहा कि किसानों व नौजवानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष अली अदनान, सरदार बलबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, इकरार अंसारी, युवा प्रकोष्ठ के महासचिव शिवम राणा, हरवीर सिंह, हुकम सिंह, जयपाल सिंह, महेंद्र सिंह, फैसल वसी, चौधरी सुशील कुमार, पूनम चौधरी, इरफानुद्दीन, सत्येंद्र तोमर, सिद्धार्थ चौहान, हनी तोमर, अवनीश राठी, राम सिंह, विनीत चौधरी, ज्ञानेंद्र चिकारा, अनुराग मलिक, सलमान अली, ओमवीर सिंह आदि ने विचार रखे। बैठक का संचालन मुफीस आलम उर्फ गुड्डू ने किया।

# ग्राम पंचायत सचिवों ने साइकिल से कार्यालय जाकर विरोध प्रदर्शन किया



हल्दौर ( चिंगारी )। ब्लॉक के ग्राम पंचायत सचिवों ने ग्राम पंचायत अधिकारी संघ / ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के प्रांतीय आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर साइकिल पर सवार होकर ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर अपना विरोध प्रदर्शन किया।

ग्राम पंचायत सचिवों ने बताया कि बुधवार से ग्राम पंचायत सचिव अपने मोटराइज्ड वाहन का त्याग करके साइकिल से ग्राम पंचायत में जाएंगे। सरकार द्वारा ग्राम पंचायत / ग्राम विकास अधिकारियों को 200 रुपए साइकिल भत्ता देय है। जनपद बिजनौर में तो ग्राम पंचायत अधिकारियों को वो भी नहीं दिया जा रहा है। यदि हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो हमारा अगला कदम 15 दिसंबर से अपने डोंगल सहायक विकास अधिकारी पंचायत को सौंप कर आहरण वितरण का कार्य ठप्प कर दिया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में सचिव संजय सिंह, संजीव कुमार, नईम अहमद, अंकुर सिंह, मोहित कुमार, विनीत कुमार, रोहिताश सिंह, शरद चौधरी, कमलकांत व रिंकू सैनी आदि शामिल रहें।

# करौंदा पचदू के लोगों ने सीओ चकबंदी पर लगाये गंभीर आरोप

## कहा- हमारी जमीने दूसरों के नाम दर्ज कर दीं

बिजनौर (चिंगारी)। नगीना तहसील के ग्राम करौंदा पचदू के कुछ लोगों ने सीओ चकबंदी अरूण कुमार यादव पर गलत ढंग से आदेश कर उनकी जमीनों को दूसरों के नाम दर्ज करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित मोहम्मद यूसुफ ने जिला मुख्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि गांव में उनकी करीब डेढ़ बीघा जमीन है।



उसकी तथा अन्य चार लोगों की जमीनों को सीओ चकबंदी अरूण कुमार यादव ने गलत ढंग से आदेश कर दूसरों के नाम दर्ज कर दिया। आपत्ति करने पर सीओ ने उनसे अभद्र व्यवहार किया। यूसुफ कुरैशी ने बताया कि इस सम्बंध में उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने इंसाफ दिलाने का आश्वासन दिया है। यूसुफ कुरैशी ने ये भी बताया कि डीडीसी/एडीएम न्यायालय से उन्हें सीओ के आदेश के विरुद्ध स्टे मिल गया है। यूसुफ के अनुसार एसओसी ने उनके पक्ष में आदेश किया था, लेकिन सीओ अरूण कुमार यादव ने नियम विरुद्ध उनके खिलाफ आदेश कर दिया। इस सम्बंध में पूछे जाने पर सीओ ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने नियम विरुद्ध कोई आदेश नहीं किया। यदि यूसुफ आदि को ऐसा लगता है तो वे उनके आदेश के विरुद्ध उच्च अधिकारियों के पास चले जायें। यदि आदेश गलत होगा तो उच्चधिकारी उसे सही कर देंगे।

# सपा नेता फुरकान खां मतदाताओं के गणना फार्म भरने में जुटे



मतदाताओं के एसआईआर फार्म भरते फुरकान खां।

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फुरकान खाँ व उनकी टीम 4 नवम्बर से चल रहे एसआईआर अभियान के तहत मतदाताओं के गणना फॉर्म बटवाने व उन्हें भरवाने में लगे हुए है। अकेले फुरकान खां अब तक अपने हाथ से 1500 से ज्यादा मतदाताओं के गणना फॉर्म भर चुके है। फुरकान खां ने इस कार्य में रात-दिन काम करने के साथ एसआईआर के बारे में सही जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की थी जिसे अब तक करीब 30 लाख से ज्यादा लोगों ने देखकर इस जानकारी से लाभ उठाया है। उनके साथ इस अभियान मे तसलीम कुरैशी, अफसर कुरैशी, जाहिद मकरानी, ताहिर मकरानी, आफताब राइन, वसीम मकरानी, नईमुद्दीन मंसूरी, इंतेखाब अंसारी, अजमल मंसूरी, फखरे आलम एड., वसीम पहलवान, शरफुद्दीन, नीरज कश्यप, प्रगट सिंह, मुफीस अंसारी, नफीस अहमद, हाफिज खलील, सरफराज, मरगूब, शादाब मंसूरी एड., तौसीफ उस्ताद, अहसान, मोनू सहित सभी ने मिलकर लगभग 12000 से ज्यादा फॉर्म भरे हैं।

# छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम से सभी का मन मोहा



स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इण्टर कॉलेज में मौलाना मौहम्मद अली जौहर का जन्म दिवस व मानव अधिकार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओ द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने छात्राओं को अपने मूल अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा। प्रबंधक मौहम्मद यूनुस ने बच्चों को संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय डायरेक्टर खुर्शीद आलम एडवोकेट ने मौलाना मौहम्मद अली जौहर के जीवन प्रसंग की जानकारी साझा की तथा उनके त्याग बलिदान से प्रेरणा लेकर उनके आदर्श पर अमल करने के आव्हान किया। इस अवसर पर तीन वर्ग सीनियर, जूनियर व प्राइमरी मे पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राइमरी वर्ग मे मनतशा ने प्रथम, जूनियर वर्ग में इकरा ने प्रथ्म, मोनिका ने द्वितीय व अंशना ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। सीनियर वर्ग में गुस्कान ने प्रथम, युसरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में शिक्षिका शगुफ्ता, बुशरा रहमान, फरहा, रुकैय्या, आयशा, रूबी, फौजिया, गुलिस्ता, शमा आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में छात्राओं मुस्कान, युसरा, जीनत, सिदरा ने गीत, अतूफा, कहकशां, नय्यर ने स्पीच, शबाना नाज, आतिका, माहिरा ने नजम, नर्सरी की इनाया, आयशा, आयरा, वैश्नवी, नूर फातिमा ने कविता तथा फायजा, बजीहा, महविश, उजमा ने दीनी मालूमात प्रस्तुत की।

# गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कम्बल वितरित किये

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय तहसील के चौधरी चरण सिंह हॉल में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ठंड व शीत लहर को देखते हुए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल दिये गए। मुख्य अतिथि नहटौर विधायक ओम कुमार व ब्लॉक प्रमुख तपताज सिंह देशवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व तहसीलदार डॉ. संतोष कुमार यादव की उपस्थिति में लगभग पांच सौ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये। इस मौके पर विधायक ओम कुमार ने कहा कि



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों, जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित किए गए है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजम टंडन गोल्डी, कलवा शेख मंसूरी, मनीषा सैनी, ऐश्वर्य ऐरन, राजकुमार प्रजापति, अभिषेक यादव, बिट्टू भटनागर आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न आपदाओं में अपनी जान गंवाने वाले मृतकों के परिवारों को सरकार द्वारा प्रदत्त जमीन के पट्टों के कागज भी सौंपे गए।

# रूबीना फातिमा प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य मनोनीत

नजीबाबाद (चिंगारी)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक नजीबाबाद के एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला अलीशा हुसैन सिद्दीकी की प्रबल सस्तुति पर सहसपुर निवासी श्रीमती रुबीना फातिमा को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश वरिष्ठ मंत्री राजन टंडन गोल्डी, प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला अलीशा हुसैन सिद्दीकी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष युवा शोभित मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला आयशा सिद्दीकी, जिला कोषाध्यक्ष तसनीम सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष युवा शाकिर शालू, जिला उपाध्यक्ष बुरहान अहमद, कुंवर जफरुल्लाह आदि व्यापारी उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

# तारों से निकली चिंगारी पुआल जल गई सारी



**बरुकी ( चिंगारी )।** ग्राम बरूकी में बुधवार की शाम एक मकान की छत पर रखी पुआल में अचानक आग लग गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार सतपाल के मकान की छत पर पुआल रखी हुई थी और उसी के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं। अचानक तारों से निकली चिंगारी से पुआल ने आग पकड़ ली। आग की लपटें उठते ही पड़ोसी शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों ने मिलकर बमुश्किल आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे पुआल को छोड़कर और कोई नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद ग्रामीणों ने ऊंचाई पर गुजर रहे बिजली के तारों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की।

# आर. के. इंटर नेशनल स्कूल में हुई इंटर हाउस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



**किरतपुर ( चिंगारी )।** आर.के. इंटर नेशनल स्कूल, किरतपुर में कल इंटर-हाउस सामान्य ज्ञान (जी.के.) प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान व प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर नेहरू व गांधी हाउस, द्वितीय स्थान पर टैगोर हाउस व तृतीय स्थान पर कलाम हाउस रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर नेहरू हाउस, द्वितीय स्थान पर टैगोर हाउस व तृतीय स्थान पर कलाम हाउस रहा। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन कुमार एवं प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल व दर्शित अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होती हैं। प्रतियोगिता का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से संपन्न हुआ।

## छेड़छाड़ का आरोपी गुलफाम पुलिस ने लिया उसे थाम



**मंडावर ( चिंगारी )।** युवती के साथ छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। मंडावर क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवती ने मंडावर थाने में एक सप्ताह पूर्व गुलफाम के खिलाफ उसके साथ छेड़छाड़ करने व उसके द्वारा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, तभी से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी गुलफाम को दबोच लिया। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

# शिक्षक के साथ मारपीट के आरोपी की मुश्किलें बढ़ीं

## एक्स-रे में फ्रैक्चर की पुष्टि से एक और धारा का होगा इजाफा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** गत दिनों शिक्षक के साथ हुई मारपीट के मामले में आरोपी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। घायल शिक्षक के हाथ में फ्रैक्चर की रिपोर्ट से आरोपी के खिलाफ एक धारा का और इजाफा हो जाना तय है। गत शनिवार को कासमपुर गढ़ी/सीरवासुचंद के मुख्य बाजार में सीरवासुचंद निवासी शिक्षक महबूब अली पुत्र अ. रहमान व सरताज पुत्र शमशुलहई के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था, जिसमें शिक्षक महबूब अली के हाथ में गम्भीर चोट आई थी। अफजलगढ़ पुलिस ने घायल महबूब अली का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपी सरताज के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) व 131 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। उधर महबूब अली को डॉक्टर ने चोटिल हाथ के एक्स-रे की एडवाइस दी। जिला अस्पताल में महबूब अली ने सोमवार को अपने हाथ का एक्सरे कराया। मुकदमे के जांच अधिकारी एसएसआई श्रीपाल सिंह ने बताया कि एक्स-रे रिपोर्ट में महबूब अली के हाथ में फ्रैक्चर आया है, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 117(2) का इजाफा किया जाना स्वाभाविक है।


घायल शिक्षक

## दुर्घटना में दिवंगत युवकों के घर जाकर संवेदना व्यक्त की



**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी ने तीन दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में मरने वाले दोनों युवकों के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की। तीन दिन पूर्व चांदपुर-नूरपुर रोड पर ट्रक के मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिये जाने से मोटरसाइकिल सवार मोनू निवासी ग्राम मलकपुर व यशपाल सिंह निवासी ग्राम नाईपुरा की मौत हो गई थी। बुधवार को रालोद के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी ने मृतकों के घर जाकर शोक संवेदना जताई तथा मृतक के परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उनके साथ युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, पूर्व जिला महासचिव गजेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह प्रधान, राजीव चौधरी, जगदीश सिंह भी थे।

## झालू में आवारा कुत्तों का आतंक मासूम को बुरी तरह घायल किया

**झालू ( चिंगारी )।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। घर के बाहर खेल रहे एक 3 वर्षीय बच्चे को कुत्ते ने काटकर बुरी तरह घायल कर दिया है। गंभीर रूप से घायल अवस्था में परिजन उसको मेरठ ले गये, जहां से उसकी हालत देखते हुए उसको दिल्ली रैफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला जोशियान में मंदिर के सामने कपिल शर्मा का चार वर्षीय बेटा शांतनु खेल रहा था। उसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने शांतनु पर हमला कर दिया। मंदिर के पास खड़े लोगों ने किसी तरह से कुत्ते को भगाया। कुत्ते के काटने से शांतनु के चेहरे पर गहरे घाव हो गये। परिवार के लोग घायल बच्चे को बिजनौर जिला अस्पताल ले गए। परिजनों के अनुसार बालक के चेहरे पर कई गहरे घाव हैं। कुल 55 टांके लगाए गए हैं। हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ मेडिकल कालेज के अस्पताल रैफर किया गया। परिवार के लोग उसे लेकर मेरठ पहुंचे तो वहां से दिल्ली के लिए रैफर कर दिया गया है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों के आतंक की वजह से लोग अपने घरों से बच्चों को बाहर नहीं निकाल रहे हैं। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द ही आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

# विज्ञान प्रतियोगिता में हरेवली न्याय पंचायत का रहा श्रेष्ठ प्रदर्शन

**हरेवली ( चिंगारी )।** विकास क्षेत्र अफजलगढ़ में परिषदीय जू. हाईस्कूलों के बच्चों की ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान प्रतियोगिता व क्विज में हरेवली न्याय पंचायत के जू. हा. स्कूल भगौता की तनु रानी व श्वेता तथा कम्पोजिट विद्यालय बाजीदपुर की छात्र कार्तिक कुमार ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाकर तथा क्विज में भगौता की मनीषा ने प्रथम पांच बच्चों की सूची में स्थान पाकर हरेवली न्याय पंचायत का नाम रोशन किया है। हरेवली न्याय पंचायत के शिक्षक संकुल सचिन कुमार ने बताया अब ये बच्चे जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खण्ड शिक्षा अधिकारी अफजलगढ़ प्रेम सिंह राणा ने प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर इन बच्चों को सम्मानित कर उनके उज्वल भवष्य की कामना की।


मनीषा | श्वेता रानी | तनु रानी

# साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे पंचायत सेक्रेट्री

## 15 से आहरण-वितरण कार्य ठप्प करने की चेतावनी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ऑनलाइन उपस्थिति एवं गैर विभागीय कार्यभार के विरोध में ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों का आंदोलन जारी है। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के संयुक्त आह्वान पर पंचायत सचिवों ने ड्यूटी के दौरान साइकिलों द्वारा पंचायत पहुंचना प्रारंभ कर दिया है। पंचायत सचिवों का कहना है कि उन्हें मात्र 200 रुपए प्रतिमाह साइकिल भत्ता मिलता है और जनपद बिजनौर के पंचायत सचिवों को वह दो सौ रुपए भी नहीं मिल पा रहे हैं। अफजलगढ़ विकास खंड क्षेत्र के अनेक पंचायत सचिवों एवं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ व ग्राम विकास अधिकारी संघ के पदाधिकारियों इरफान अली मंसूरी व नौबहार सिंह ने बताया कि संगठनों के संयुक्त आह्वान पर पंचायत सचिवों द्वारा वर्तमान में की जा रही मांगों की सुनवाई न हो पाने की दशा में पंचायत सचिव 15 दिसंबर से अपनी-अपनी पंचायतों के डोंगल अपने-अपने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को सौंपकर पंचायतों के आहरण-वितरण कार्य को भी ठप्प कर देने का काम करने पर मजबूर होंगे।


आंदोलित सचिवों का फाइल फोटो

# उलेमा व ज़िम्मेदार लोगों ने दहेज व ग़ैर-मुनासिब रसूमात पर किया ग़ौर-ओ-फ़िक्र

## कुरआन की रोशनी में जिंदगी गुज़ारें



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** दहेज मुक्ति अभियान में कामयाबी को लेकर युवकों द्वारा आयोजित गणमान्य व्यक्तियों एवं उलेमा की बैठक में शादियों में दहेज समेत तमाम नाजायज खुराफात व गैर रसूमात पर गौर-ओ-फिक्र किया गया। नगर के मोहल्ला नेजो सराय स्थित मदरसा जामिउल उलूम में मौलाना शफीक अहमद कासमी की सरपरस्ती, मौलाना शौकत अली मजाहिरी की सदारत व मुफ्ती सईदुर्रहमान कासमी की निजामत में मुनअकिद इस मीटिंग में मौजूद नगर के जिम्मेदार लोगों व उलेमा-ए-किराम ने नौजवानों के इस कदम की तारीफ की उन्होंने शादी में दहेज के बढ़ते चलन सहित मंढा, हल्दी, मेहन्दी, मइयों बैठने, जूता चुराने व महिलाओं द्वारा स्टेज गेट पर बेपर्दा होकर की जाने वाली फीता कटवाने जैसी तमाम गैरमुनासिब रसूमात एवं आतिशबाजी व डीजे जैसी नाजायज खुराफात पर निहायत अफसोस जाहिर कर इन पर रोक लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि मुआशरे में बेहतर सुधार की सख्त जरूरत है। अपने खिताब में उलेमा ने खासतौर से कहा कि हर शख्स अगर अपने अंदर सुधार ले आए तो अभियान की जरूरत ही न पड़े। उन्होंने कहा कि कुरआन-ओ-हदीस की रोशनी में जिंदगी गुजारते हुए हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्ल.) की सुन्नतों पर अमल करने में ही कामयाबी मिलेगी। बैठक में पूर्व विधायक शेख सुलेमान, चेयरपर्सनपति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सनपति सलीम अंसारी, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, पूर्व चेयरपर्सनपति इरशाद हुसैन 'सिक्रेट्री', मौलाना मुख्तार अहमद, मौलाना इस्माईल कुरैशी नदवी, नजाकत सिद्दीकी, एल.आर. सिद्दीकी, डॉ. एमएस गुलशन, डॉ. मोहसिन, कलवा कुरैशी, हाजी रिजवान कुरैशी, मुकीब खान सूरी, जाहिद अली खान, सलीम मेम्बर, शमीम भट्टे वाले, मास्टर शमीम, रज्जाक ठेकेदार, अब्दुल बारी, शेख अफजाल, वाजिद अल्वी, इरशाद डीलर, नदीम हानी, सूफी कदीर ठेकेदार, इसरार कस्सार, शुऐब कुरैशी, फहीम अहमद आदि खासतौर से मौजूद रहे। मीटिंग के अंत में मौलाना शफीक अहमद कासमी ने तमाम खैर-ओ-आफियत की दुआ कराई।

## हम्ज़ा ने कुरआने-पाक हिफ़्ज़ किया



**सहसपुर ( चिंगारी )।** मदरसा हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ मोहल्ला हकीमपुरा, सहसपुर हम्ज़ा पुत्र फरहत अली अंसारी ने कुरआन का हिफ़्ज़ पूरा किया। इस मौके पर सेठ हबीबुर्रहमान अंसारी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे मोहम्मद हम्ज़ा पुत्र फरहत अली अंसारी ने अपने उस्ताद कारी मोहम्मद अजमल हुसैन नदवी की देख रेख में कुरआन हिफ्ज किया। मोहम्मद हम्ज़ा ने कुरआन-ए-करीम का आखिरी सबक सुना कर कुरआन पूरा करने की उपलब्धि प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिजन और उस्ताद के लिए बहुत ही फ़क्र की बात है। कारी अजमल साहब ने कहा कि कुरआन अल्लाह का कलाम है। इससे ऊंचा कलाम कोई और नहीं हो सकता इसलिए इसकी खुशी हर खुशी से बड़ी है। इस मौके पर सहसपुर के सेठ हबीबुर्रहमान अंसारी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने हम्ज़ा को दुआओं से नवाजा और मौलाना आबिद कासमी, सहसपुर की दुआ के बाद प्रोग्राम पूरा हुआ।

## रूबीना फ़ातिमा को व्यापार मंडल में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक अति बैठक नजीबाबाद के एक रेस्टोरेंट में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला अलीशा हुसैन सिद्दीकी की प्रबल सस्तुति पर सहसपुर निवासी श्रीमती रुबीना फातिमा को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश वरिष्ठ मंत्री राजन टंडन गोल्डी, प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला अलीशा हुसैन सिद्दीकी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष युवा शोभित मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला आयशा सिद्दीकी, जिला कोषाध्यक्ष तस्लीम सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष युवा शाकिर अहमद शालू, जिला उपाध्यक्ष बुरहान अहमद, कुंवर जफरुल्लाह आदि व्यापारी उपस्थित थे।

## भाकियू की मासिक बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार

### बीडीओ ने छुट्टा पशुओं को गौशाला भिजवाने का आश्वासन दिया

**स्योहारा ( चिंगारी )।** बुधवार को भाकियू की मासिक बैठक गन्ना समिति प्रांगण में ब्लाक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया कि शुगर मिल से गन्ना प्रबंधक प्रमोद कुमार ने प्रेसमेंट खाद पर गत वर्ष से पांच रुपये कम किया और तत्काल प्रभाव से किसानों को 20 कुंतल के टोकन कटवाने शुरू किये। ब्लाक से संबंधित समस्या पर बीडीओ ने जल्द ही छुट्टा पशुओं को गौशाला भिजवाने का आश्वासन दिया। विद्युत विभाग के एसडीओ ने कहा कि जिन किसानों के घरेलू बिल गलत आ रहे हैं, वह कार्यालय में आकर ठीक करा लें ताकि उनको उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घरेलू कनेक्शन में छूट का लाभमिल सकें। गन्ना विशेष सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि जिन किसानों ने उनके स्तर की समस्याएं होंगी, उनको तत्काल प्रभाव से सामाधान कराया जाता है। तीस नवंबर का गन्ना भुगतान बैंकों में भेजा जा चुका है। चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने कहा कि किसानों की सभी समस्याओं एक सप्ताह के अंदर समाधान होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो भाकियू आंदोलन को मजबूर होगी। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## मासूम बच्चे की सड़क हादसे में मौत, परिवार में शोक

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सड़क दुर्घटना में मासूम बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। कस्बे के मोहल्ला बंजारान निवासी जावेद अली का 6 वर्षीय पुत्र मौहम्मद अती पंजाब नेशनल बैंक के सामने बच्चों के साथ खेलते हुए सड़क पार करते समय एक बाइक की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायलावस्था में बच्चे को धामपुर चौक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई। सड़क हादसे में हुई बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बगैर किसी कानूनी कार्यवाही के शव को घर ले गए।



मृतक का फ़ाइल फ़ोटो।

## अवामी ख़िदमत के अपने मक़सद पर चलता रहेगा मुस्लिम फंड : शहज़ाद आलम एड.

### मुस्लिम फंड ने बांटे 500 कंबल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक आज प्रात: मुस्लिम इमदादी सोसायटी (रजि.) अफजलगढ़ की मानियावाला ब्रांच की ओर से बढ़ी सर्दी के मद्देनजर मानियावाला में गरीबों व बेसहारा जरूरतमंदों को 500 कंबल वितरित किए गये। वरिष्ठ पत्रकार एस एम असलम के संचालन में आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों सोसायटी के सदर हकीम मजहर अहमद, कार्यवाहक सिक्रेट्री हाफिज जहीरूद्दीन, बुजुर्ग पदाधिकारी अहमद रजा, कोषाध्यक्ष/एमडी शहजाद आलम एड. व प्रधानपति तसव्वर कुरैशी का सोसायटी के हेड ऑफिस के मैनेजर फिरासतुल्ला नंबरदार, मानियावाला ब्रांच मैनेजर जाकिर हुसैन व सुरजननगर ब्रांच मैनेजर प्रदीप तिवारी सहित जाहिद अली खान, धर्मेंद्र गुप्ता, गोपाल सिंह, निजामुद्दीन, मो. अशरफ, मो. नोमान, मो. सोहेल, मो. शफी, सुरेश प्रजापति, मो. आमिर, नंदराम सिंह, राहुल कुमार आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुशल संचालन के लिए पत्रकार एस एम असलम को भी मुस्लिम इमदादी सोसायटी द्वारा माल्यार्पण कर शॉल ओढ़ाते हुए सम्मानित किया गया। कम्बल वितरण से पूर्व प्रोग्राम को ख़िताब करते हुए सोसायटी के सदर हकीम मजहर ने अवाम से मुस्लिम इमदादी सोसायटी को सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि अवाम की खिदमात सोसायटी का मुख्य उद्देश्य है। अपने संबोधन में सोसायटी के कोषाध्यक्ष/एमडी शहजाद आलम एड. ने कहा कि मुस्लिम इमदादी सोसाइटी समाजसेवा के अपने मकसद पर सदैव चलती रहेगी।



कंबल वितरित करते मुस्लिम फंड के पदाधिकारी।

# पुलिस ने किया फर्जी वित्तीय कम्पनी का पर्दाफाश

## मुख्य आरोपी गिरफ्तार, बाकी की हो रही तलाश

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार पुलिस ने बुधवार को एक फर्जी वित्तीय कंपनी का पर्दाफाश करते हुए कंपनी के मुख्य संचालक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुट गई हैं।

बुधवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी वादिनी यास्मीन द्वारा कोतवाली में दिनांक 05 सितंबर 2024 को शिकायती प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि सितम्बर 2023 से सितम्बर 2024 तक बोहरा कंपनी के डायरेक्टर भीम सिंह के कहने पर उन्होंने कंपनी में एक वर्ष की अवधि हेतु खाता खोलकर 100रू. प्रतिदिन के हिसाब से कुल 36,500रू. जमा किये। लेकिन निर्धारित समय पूर्ण होने के पश्चात भी कंपनी द्वारा ब्याज सहित धनराशि वापिस नहीं की गई तथा कंपनी के संचालकों द्वारा ऑफिस बंद कर दिया गया, जिस पर उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन आरंभ कर दी।

मामले के खुलासे के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कोटद्वार निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को विवेचना के दौरान पता चला कि उक्त कंपनी द्वारा कोटद्वार क्षेत्र सहित राज्य के अन्य जगहों पर भी कई लोगों से इसी प्रकार के खाते खुलवाकर लाखों रुपये जमा कराए गए, तथा



कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में फर्जी वित्तीय कंपनी का मुख्य संचालक।

ब्याज सहित मूल रकम लौटाने का झूठा झांसा देकर कंपनी अब फरार हो गई है। यह भी पता चला है कि कंपनी मालिक के विरूद्ध जनपद देहरादून व टिहरी थाने में भी में पहले धोखाधड़ी के मामले पंजीकृत हैं। पुलिस टीम द्वारा बैंक खातों के विवरण तथा अन्य तकनीकी जांच-साक्ष्य संकलित करते हुए मुख्य आरोपी दिलीप सिंह बोहरा (49 वर्ष), पुत्र बल बहादुर, निवासी- विनोद बिहार श्यामपुर, ऋषिकेश (देहरादून) को बुधवार को देहरादून से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पूछताछ में आरोपी दिलीप सिंह बोहरा ने बताया कि उसने अपने साथियों भीम सिंह, प्यारे राम, बालकरण, सुरेंद्र सिंह नेगी एवं सूरजमनी सेमवाल आदि के साथ मिलकर बोहरा ग्रामीण विकास निधि लिमिटेड नाम से फर्जी वित्तीय कंपनी खोली। कंपनी मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स भारत सरकार में रजिस्टर्ड अवश्य थी, किंतु नियमानुसार कंपनी को जनता से धनराशि एकत्रित करने, आर.डी., एफ.डी. अथवा अन्य जमा योजनाएं संचालित करने का कोई वैध अधिकार प्राप्त नहीं था। इसके उपरांत भी कंपनी के सदस्यों द्वारा जनता के बीच पासबुक जारी कर धोखाधड़ीपूर्ण तरीके से धन जमा कराया जाता रहा, जो अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। इस आधार पर मुकदमे में बड्स एक्ट का इजाफा करते पुलिस द्वारा फरार आरोपियों सुरेंद्र सिंह नेगी, भीम सिंह प्यारे राम, सूरजमनी सेमवाल एवं बलकरण की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही है।

# उत्तराखण्ड यस समिट के द्वितीय चरण का आयोजन

## ✦ गढ़वाल के 33 युवा उद्यमी हुये शामिल
## ✦ राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए पांच का हुआ चयन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर उद्यमिता से जोड़ने और उनके व्यवसाय को नई दिशा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के कोटद्वार हब कार्यालय में उत्तराखंड यस समिट के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। समिट में शामिल युवा उद्यमियों ने अपने अपने अनुभव, उत्पादों की विशेषताएं तथा उद्यम को बढ़ाने हेतु जरुरतों को ज्यूरी के समक्ष साझा किया। मंगलवार दोपहर बाद ग्राम विकास द्वारा संचालित व सेंटर फॉर यूथ डेवलपमेंट एक्टिविस और यूथ एड फाउंडेशन पुणे के सहयोग से आयोजित राज्य स्तरीय यस समिट में गढ़वाल के 33 युवा उधमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समिट में हस्तशिल्प, फूड डेरिवेटिव,होमस्टे आदि क्षेत्रों से जुड़े उद्यमी शामिल हुए। समिट के दौरान हुई प्रस्तुतियों के आधार पर पांच उद्यमियों का हैदराबाद में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के यस सम्मेलन के लिए चयन किया गया । प्रबंधक अजीत नैनवाल ने बताया कि राज्य स्तर पर चयनित इन उद्यमियों को फरवरी में हैदराबाद में होने वाले राष्ट्रीय यस समिट में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान इनक्यूबेटर सेंटर से जुड़े सफल उद्यमी प्रमोद बंसल एवम अजय बिष्ट ने अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में तनुज पुंडीर, जिला उद्योग केंद्र प्रबंधक उपासना, मार्केट एक्सपर्ट रितेश केष्टवाल, मनोज कांडपाल, नंदलाल बडोनी, विवेक जदली और दीपक बनियाल आदि मौजूद रहे।

# बलूनी स्कूल में करियर काउंसलिंग आयोजित

### विद्यार्थियों को करियर विकल्पों की जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बलूनी पब्लिक स्कूल, तल्ला मोटाढाक में बुधवार को कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी प्रदान की गई। काउंसिलिंग में मनोवैज्ञानिक सेवानिवृत्त कर्नल एस. एस. साही व पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विशेषज्ञ सेवानिवृत्त कर्नल विक्रम कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए वर्तमान समय में उपलब्ध विविध करियर अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों का उत्तर देते हुए उन्हें अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप सही दिशा चुनने के लिए प्रेरित किया। बलूनी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी ने कहा कि ऐसे काउंसलिंग सत्र विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सही समय पर सही मार्गदर्शन प्राप्त होने से बच्चों के जीवन में नई दिशा मिलती है। कोटद्वार विंग निदेशक अभिलाषा भारद्वाज ने कहा कि इस बदलते दौर में बच्चों की बढ़ती जिज्ञासा और मानसिकता को समझना आवश्यक है। ऐसे सत्र बच्चों को उचित कार्य-प्रणाली और सोच विकसित करने में अत्यधिक सहायक होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पावर ऑफ एटार्नी का दुरुपयोग करके पिता की सम्पति अपनी पत्नी को हस्तांतरित कर दी

## बुजुर्ग पिता ने की डीएम से शिकायत

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल को 88 वर्षीय बीमार बुजुर्ग राजेन्द्र स्वरूप अग्रवाल द्वारा एक गंभीर शिकायत प्रस्तुत की गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उनके बड़े पुत्र ने उनके नाम पर बनाई गई पावर ऑफ अटॉर्नी का दुरुपयोग करते हुए उनकी नेहरू कालोनी स्थित दो संपत्तियों को गलत तरीके से अपनी पत्नी पूजा अग्रवाल के नाम गिफ्ट डीड के माध्यम से हस्तांतरित कर दिया। शिकायत में कहा गया है कि सम्पति से प्राप्त किराये से ही उनका उपचार चलता था। गिड़गिड़ाते हुए बुजुर्ग पिता ने उपहार डीड रद्द करने की जिलाधिकारी से गुहार लगाई थी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अपर



देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल

जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा उप निबंधक कार्यालय को प्रकरण की जांच कर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि वृद्धजनों के साथ किसी प्रकार का धोखाधड़ी, दबाव या कूटरचना कर संपत्ति हड़पने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए बताया कि वे उपचार हेतु अपनी बेटी के पास गाजियाबाद गए हुए थे, इसी दौरान बड़े पुत्र ने कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर नेहरू कॉलोनी स्थित उनकी दो संपत्तियों को अपने पक्ष में कर लिया। बुजुर्ग ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई कि उक्त गिफ्ट डीड को निरस्त कराया जाए तथा दोषियों पर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी के निर्देश पर रजिस्ट्रार कार्यालय ने सम्बन्धित के विरुद्ध थाना नेहरू कालोनी में वाद दर्ज कराया। जिला प्रशासन द्वारा तथ्यों की पड़ताल करते हुए उपहार डीड रद्द कर दिया गया है।

# रायवाला में हुआ रसिक महाराज का भव्य स्वागत



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री स्वामी रसिक महाराज का नृसिंह वाटिका आश्रम रायवाला पहुंचने पर सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक लोगों द्वारा पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि आज पूरे देश में बड़े स्तर पर धन का प्रलोभन देकर धर्मान्तरण करवाया जा रहा है जो कि सनातन संस्कृति के लिए खतरा बन गया है। आज प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि अपनी संस्कृति एवं धर्म-कर्म को ध्यान में रखकर आचरण करे और यह तभी संभव है जब हम वैदिक हिन्दू सनातन संस्कृति से स्वयं जुड़े रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता विपिन कर्णवाल, ग्राम प्रधान खांड गांव श्रीमती सविता नेगी, विश्व हिन्दू परिषद के जिला महामंत्री अजय सिंह, कुलदीप नेगी, रवि कुकरेती, करण नेगी, सुरेश कुकसाल, रेनू विष्ट, दरमियान सिंह, अजय साहू, आश्रम संचालिका साध्वी मां देवेश्वरी एवं बड़ी संख्या में आश्रम से जुड़े अनुयाई उपस्थित रहे।

# धर्मांतरण व लव जिहाद पर सख्त कार्रवाई हो : रसिक महाराज

**ऋषिकेश/देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सनातन धर्म विकास परिषद के नवनियुक्त अध्यक्ष स्वामी रसिक महाराज से मंगलवार को मुख्य पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने अपने कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर स्वामी रसिक महाराज ने पुलिस अधीक्षक को उत्तराखंड में बढ़ रहे धर्मांतरण एवं लव जिहाद की समस्या से अवगत कराया और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न देने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि लव जिहाद एवं धर्मान्तरण के मामलों पर वे स्वयं भी चिंतित हैं और समस्याग्रस्त लोगों को हम हर संभव मदद देने का प्रयास करते हैं। देहरादून जिले कानून व्यवस्था पर रसिक महाराज ने कप्तान अजय सिंह के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# बिजनौर में सोने की शुद्धता की जांच करने वाली मशीन का शुभारंभ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रायः सोना खरीदते समय ग्राहकों के मन में उसकी शुद्धता को लेकर शक रहता है कि वह जितनी कीमत देकर आये हैं, उतनी ही कीमत का उन्हें शुद्ध सोना मिला है या नहीं। और जब जरूरत पड़ने पर बिक्री के समय क्रय मूल्य से बहुत कम कीमत बाजार में आंकी जाती है, तब वह अपने आप को ठगा सा महसूस करता है।

ऐसी शंकाओं के समाधान हेतु सदर बाजार बिजनौर स्थित सिद्धार्थ ज्वैलर्स के स्वामी सिद्धार्थ अग्रवाल गवर्नमेंट अप्रुव्ड गोल्ड टेस्टिंग मशीन लेकर आये हैं। जिसका आज शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने अनेक गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में किया।



मुख्य अतिथि ने सिद्धार्थ अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि बाजार में नयी चुनौतियों का सामना नयी तकनीक के माध्यम से ही किया जा सकता है। सिद्धार्थ ने नयी मशीन का डेमो प्रस्तुत करते हुए बताया कि इसके द्वारा कुछ ही सेकेण्ड में 100 प्रतिशत सही व पारदर्शी परिणाम आपके सामने आ जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर आधारित यह तकनीक भारत सरकार से अप्रुव्ड है। ग्राहकों के लिये यह सुविधा बिल्कुल मुफ्त रहेगी। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन डॉ. नवनीत गर्ग, पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, विकास अग्रवाल, पं. विनोद गोस्वामी, व्यापारी नेता दिलशाद अहमद (रिवाज कलैक्शन), शलभ जैन, अरविंद अग्रवाल, प्रतीक जैन, विपिन भारद्वाज आदि की उपस्थिति रही। सिद्धार्थ अग्रवाल, श्रीमती सोनम अग्रवाल, श्रीमती विनोद अग्रवाल (पत्नी स्व. घनश्याम दास अग्रवाल) आदि परिजनों ने सभी अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया।

# देविका ने 52 किग्रा वर्ग में स्वर्ण और भारती ने 45-48 किग्रा वर्ग में जीता रजत

**भरतपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान (केआईयूजी) 2025 की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की सवित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी की देविका सत्यजीत घोरपड़े ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए



महिलाओं के 52 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता तथा हरियाणा की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की प्रतिनिधि भारती ने महिलाओं के (45-48 किग्रा) भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। दोनों एथलीट बिल्कुल अलग सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमियों से आती हैं। 23 वर्षीय भारती के पिता ईंट-भट्टे में काम करते हैं और रोजाना 250ङ्क300 रुपये कमाते हैं। वहीं देविका के पिता का अपना निर्माण व्यवसाय है। लेकिन इन दोनों में एक समान बात है और वह अपना संघर्ष, अपनी लगन और भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना है। भारती का मानना है कि छोटे स्तर पर मिलने वाली आर्थिक मदद खिलाड़ियों की राह बहुत आसान कर सकती है। उन्होंने कहा, हम जैसे बैकग्राउंड से आने वाले खिलाड़ी शुरुआत में बुनियादी चीज़ों के लिए भी संघर्ष करते हैं।

# शूटिंग लीग ऑफ इंडिया 16 फरवरी 2026 से होगी शुरू



**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** अगले साल 16 फरवरी से शुरु होने वाली बहुप्रतीक्षित शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) में कई शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीट विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अगले साल 16 से शुरु होगी। आज यहां आईएसएसएफ के 2026 के कैलेंडर के अनुसार 16 से 26 फरवरी तक चलने वाली लीग की तीरीखों की बुधवार को घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में पिस्टल (10मी, 25मी), राइफल (10मी, 50मी थ्री पोजीशन), और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) कैटेगरी में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होगी। फ्रेंचाइजी-आधारित टीमों को लीग चरण के लिए दो पूल में बांटा जाएगा, जिसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। खिलाड़ियों को चार टियर में बांटा गया है्र एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस, और जूनियर और यूथ, जो अंतरराष्ट्रीय सितारों, शीर्ष भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण देखने को मिलेगा।

# भारत ने अर्जेंटीना को हराकर जीता जूनियर विश्व कप हॉकी का कांस्य पदक

**चेन्नई ( एजेंसी/चिंगारी )।** दो गोल से पिछड़ने के बाद मेजबान भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए नौ साल बाद पुरुषों के जूनियर विश्व कप में पहला कांस्य पदक जीता। तीसरे और चौथे स्थान के लिए हुए प्ले-ऑफ मैच में भारत ने अर्जेंटीना को 4-2 से हराया। मेजबान टीम ने अर्जेंटीना के खिलाफ शानदार 4-2 से वापसी करते हुए जीत हासिल की, और सिर्फ 11 मिनट के छोटे से समय में चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया। निकोलस रोड्रिग्ज (तीसरे') और सैंटियागो फर्नांडीज ने (44वें) मिनट में मेहमान टीम को बढ़त दिलाई थी, जिसके बाद भारत के लिए अंकित पाल ने (49वें), मनमीत सिंह ने (52वें), शरदानंद तिवारी ने (57वें) और अनमोल एक्का ने (58वें) मिनट में गोल किए। भारत ने खेल की शुरुआत आक्रामक तरीके से की, और अर्जेंटीना के डिफेंस में सेंध लगाने की कोशिश की। हालांकि, यह मेहमान टीम थी



जिसने खेल के विपरीत जाकर बढ़त हासिल की, जब निकोलस रोड्रिग्ज (तीसरे मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। एक गोल के बाद मेजबान टीम ने जोरदार जवाब दिया और तुरंत बराबरी की तलाश में थी। भारत को पहले क्वार्टर के अंत में लगभग एक मौका मिला, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा पाए। दूसरे क्वार्टर में भारत के लिए यह एक उत्साहजनक शुरुआत थी, उन्होंने वहीं से शुरुआत की जहां उन्होंने पहले क्वार्टर में छोड़ा था। वे खेल में अपनी पकड़ बनाने लगे और अधिक महत्वपूर्ण मौके बनाए, जिससे अर्जेंटीना के डिफेंस पर दबाव पड़ा जो ज्यादातर मौकों पर मजबूत बना रहा। दिलराज सिंह ने गोल पर शॉट लगाया, जबकि मेजबान टीम ने पहले हाफ में आठ सर्कल पेनिट्रेशन के साथ कुछ आधे मौके बनाए, और बराबरी की तलाश में गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा।

# भारत अगले साल मार्च में पहले कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारत की मेजबानी में अगले साल नौ से 14 मार्च तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप खेली जायेगी। इस चैंपियनशिप में 24 से अधिक कॉमनवेल्थ देशों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने भारत में 2026 कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप के आयोजन को मंजूरी दी है। इस चैंपियनशिप में पांच महाद्वीपों यूरोप, अफ्रीका, एशिया, ओशिनिया और अमेरिका हिस्सा लेंगे। इस साल जनवरी में नयी दिल्ली में हुए पहले खो खो वर्ल्ड कप में छह महाद्वीपों के 23 देशों (20 पुरुष टीमें और 19 महिला टीमें) ने हिस्सा लिया था। यह भारत में होने वाली



पहली कॉमनवेल्थ खो खो प्रतियोगिता है। चैंपियनशिप में 16 पुरुष और 16 महिला टीमें होंगी, और यह पहले खो खो वर्ल्ड कप की तरह ही दोनों कैटेगरी में एक साथ आयोजित किया जायेगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव उपकार सिंह विर्क ने कहा, 卐हम वेन्यू को फाइनल करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहे हैं। अहमदाबाद में 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले, हमें उम्मीद है कि यह चैंपियनशिप दोहा एशियन गेम्स (2030), कॉमनवेल्थ गेम्स (2030) और ब्रिस्बेन ओलंपिक्स (2032) में खो खो को शामिल करने की दिशा में एक कदम साबित होगी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# परमजीत की मौत के प्रकरण में उसके पति के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज

## पीएम रिपोर्ट में मृतका के गले की संरचनाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त होना बताया गया



बढ़ापुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव वीरभानवाला में 2 दिन पूर्व हुई परमजीत कौर की मौत के प्रकरण में मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृतका के गले की संरचनाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त होना बताया गया है।

गौरतलब है कि सोमवार को स्थानीय पुलिस को थाना क्षेत्र के गांव वीरभानवाला में जोगा सिंह की पत्नी परमजीत कौर (45 वर्ष) की घर के भीतर लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर मृतका के भाई कुलदीप सिंह ने अपने जीजा पर परमजीत कौर को गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गले की हड्डियां व मांसपेशियों सहित समस्त संरचनाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त होना बताया गया है। इससे स्पष्ट हो गया कि मृतका की मौत गला घुटने से हुई है।

बुधवार को मृतका के भाई जसवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसके जीजा जोगा सिंह ने सोमवार को अपने बेटे गुरसेवक को फोन पर बताया था कि तुम्हारी मम्मी की मौत हो गई है। गुरसेवक जसपुर शादी में गया हुआ था। तहरीर में जसवीर ने कहा है कि घटना की सूचना मिलते ही वह अपनी बहन परमजीतकौर के घर पहुंचे तो वह मृत अवस्था में पड़ी थी। उसके गले पर रस्सी से गला घोंटने के निशान थे और उसका जीजा जोगा सिंह घर से फरार था। आरोपी जोगा सिंह उसकी बहन को प्रताड़ित करता रहता था। मृतका के भाई जसवीर ने तहरीर में अपनी बहन परमजीत कौर की मौत का जिम्मेदार अपने जीजा जोगा सिंह को ठहराते हुए उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध देर रात अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

## रामोद कुमार बने व्यापार मंडल बिजनौर के जिला अध्यक्ष

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) संगठन में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए संगठन ने नजीबाबाद तहसील के ग्राम जगदीशपुर निवासी रामोद कुमार को व्यापार मंडल का जिला अध्यक्ष बिजनौर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान की संस्तुति पर की गई है। इससे पहले रामोद कुमार मुरादाबाद मंडल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्होंने हाल ही में इस पद से इस्तीफा देकर संगठन के प्रति व्यापक स्तर पर कार्य करने की इच्छा जताई थी। उनकी सक्रियता एवं संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।


प्लॉट बिकाऊ है

बिजनौर-हरिद्वार रोड पर कस्बा चंदक में साप्ताहिक बुध बाजार के निकट ऑन रोड 540 गज का प्लॉट बिकाऊ है। प्लॉट शोरूम/शॉपिंग मार्केट बनाने हेतु उपयुक्त है।

इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- मो. 9639919509, 9759593153, 9411016000


# 'नए उत्तर प्रदेश' में खेती-किसानी अब निराशा नहीं, नवआशा की प्रतीक- सीएम योगी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नए उत्तर प्रदेश में खेती-किसानी अब निराशा नहीं, नवआशा की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसान वही, मेहनत वही, खेत वही, प्रशासन वही, अधिकारी वही, इच्छाशक्ति वही फिर क्या वजह थी कि परमात्मा एवं प्रकृति की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों में किसान अपनी अपेक्षा के मुताबिक उत्पादन करने की बजाय आत्महत्या को मजबूर हो रहे थे। श्री योगी ने कहा कि गन्ना किसानों को भुगतान नहीं हो रहा था। मकई, तिलहन, दलहन, आलू, बाजरा, ज्वार, धान, गेहूं के लिए चलने वाले क्रय केंद्रों की दशा खराब थी।


गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



Bachpan Play School, Bijnor UP

BACHPAN

WE'RE HIRING

JOIN OUR TEAM



WE ARE LOOKING ONLY FOR FEMALE CANDIDATES:

COUNSELLOR / TEACHERS

- GRADUATION DEGREE
- MINIMUM 6 MONTHS OF EXPERIENCE IN PRE-SCHOOL
- GOOD COMMUNICATTION SKILLS

MAID/HELPER

Submit your resume by : 31th December 2025

SEND YOUR RESUME/CV TO:
7455025144
chandpur3678@bachpanglobal.com
Shree DayaRam Traders,
Near Kohinoor Banquet Hall, Chandpur road, BIJNOR UP



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

ATHER ELECTRIC DECEMBER

You can wait or YOU CAN SAVE ₹20 000*

₹10 000 On Credit Card | ₹10 000 Cash benefits



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911